CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 18°C

लखनऊ, शनिवार 9 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक मामले: एनसीआरबी पेज 2



आईपीएल 2026: टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान और गुजरात खेल टाइम्स



अफसोसजनक है राजनीति में बदले की भावना सम्पादकीय



अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी कहा: हमने पलटवार किया पेज 12

# राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति को लगा बड़ा झटका

वाशिंगटन, वार्ता

- अमेरिकी अदालत ने खारिज किया नया टैरिफ आदेश, कहा- व्यापार कानून का हुआ गलत इस्तेमाल
- ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं: अदालत



**अमेरिका में राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी संघीय व्यापार अदालत ने ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए नए वैश्विक आयात शुल्क को खारिज कर दिया है।

अदालत ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट के तहत मिली सीमित शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और कानून से बाहर जाकर 10 प्रतिशत आयात अधिभार (इंपोर्ट सरचार्ज) लगाने की कोशिश की। अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने 2-1 के फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे के आधार पर नहीं कर सकता। अदालत के मुताबिक, यह कानून 1970 के दशक की विशेष बैलेंस ऑफ पेमेंट्स यानी भुगतान संतुलन संकट से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक दौर के सामान्य व्यापार घाटे के लिए। जज मार्क ए. बार्नेट और क्लेयर आर. केली ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फरवरी में ये टैरिफ लगाए थे। अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति को इतनी व्यापक व्याख्या की अनुमति दे दी जाए, तो उन्हें लगभग असीमित टैरिफ लगाने की शक्ति मिल जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना संवैधानिक सवाल खड़ा कर सकता है, क्योंकि टैरिफ और व्यापार नीति तय करने का अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस के पास है। दरअसल, इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की पहले वाली टैरिफ व्यवस्था को भी खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लागू किया था। इसके बाद फरवरी में ट्रम्प ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए नया टैरिफ लागू किया।

## ईरान ने अमेरिका के विध्वंसक जहाजों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार सुबह अमेरिकी विध्वंसक जहाजों पर हमले किए। ईरान का दावा है कि यह कार्रवाई संघर्ष विराम के उल्लंघन और उसके एक तेल टैंकर के खिलाफ अमेरिकी सेना की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई है। यह घटना ईरान के दक्षिणी बंदरगाह 'जास्क' के पास हुई। ईरानी नौसेना के अनुसार, जब अमेरिकी युद्धपोत 'होर्मुज स्ट्रेट' की ओर बढ़ रहे थे, तब आईआरजीसी ने जवाबी हमला किया। इस अभियान में ईरान ने एंटी-शिप बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ विस्फोटक वारहेड वाले ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। ईरानी नौसेना ने बताया कि खुफिया निगरानी से पता चला है कि इस हमले में अमेरिकी सैन्य जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि हमले के बाद अमेरिकी सेना के तीन जहाज होर्मुज स्ट्रेट से तेजी से पीछे हट गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है।

## ईडी ने 1000 करोड़ के घोटाले में तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने कथित 1,000 करोड़ रुपये के ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट से जुड़े बड़े अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और अन्य स्थानों पर लगभग 18 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। गुरुवार सुबह शुरू हुई यह छापेमारी कल देर रात एक बजे तक चली। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, तलाशी के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम दीपक सिंह अहलावत, पृथ्वी कुमार और विकास तनेजा है। दीपक सिंह अहलावत हरियाणा का रहने वाला है, जबकि पृथ्वी कुमार उत्तराखंड का निवासी है।

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर में अपराध छह फीसदी घटे: NCRB

**नई दिल्ली।** देशभर में 2024 में दर्ज अपराधों की संख्या में 6 फीसदी की गिरावट आई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, 2023 में 62.41 लाख मामलों के मुकाबले 2024 में 58.85 लाख केस दर्ज हुए। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्राइम रेट यानी प्रति एक लाख आबादी पर दर्ज मामलों की संख्या भी कम हुई है। यह 2023 में 448.3 से घटकर 2024 में 418.9 रह गई। इससे साफ है कि कुल मामलों के साथ अपराध दर में भी गिरावट आई है। 2024 में हत्या के कुल 27,049 मामले दर्ज हुए। यह 2023 के मुकाबले 2.4 फीसदी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या के मामलों में सबसे बड़ा कारण आपसी विवाद रहा। इसके बाद बदला या दुश्मनी और लालच जैसी वजहें सामने आईं।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इम्फाल।** मणिपुर में सेनापति और चुराचांदपुर जिलों में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और सामरिक उपकरण बरामद किए। सुरक्षा बलों ने सेनापति जिले के सेनापति पुलिस थाना अंतर्गत मरेमई-हेंगबुंग पहाड़ी श्रृंखलाओं में एक तलाशी अभियान शुरू किया और वहां से विभिन्न प्रकार के हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए। बरामद किए गए सामानों में मैगजीन के साथ दो-22 राइफलें, मैगजीन के साथ एक -303 राइफल, मैगजीन के साथ एक एमपी-5 राइफल, मैगजीन के साथ एक एके-47 राइफल, चार स्थानीय स्तर पर बनी बोल्ट-एक्शन राइफलें, एक स्थानीय निर्मित शॉटगन, मैगजीन के साथ तीन -32 पिस्तौलें और मैगजीन के साथ दो -22 पिस्तौलें शामिल थीं।

### 'आश्चर्य का तत्व' विकसित करें कमांडर: राजनाथ


**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क में क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व तथा साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय क्षेत्रों में एक साथ संचालित अभियानों से प्रभावित होंगे। श्री सिंह ने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन कमांडरों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए की त्वरित, सटीक और संयुक्त जवाबी कार्रवाई का प्रतीक बताया।

### मुझे डांटकर चैम्बर से बाहर निकाल दिया था : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। केस की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने बताया कैसे एक जज ने उन्हें डांट लगाते हुए चैंबर से बाहर निकल जाने को कहा था।

# बंगाल में सुवेंदु व तमिलनाडु में विजय आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

कोलकाता, वार्ता



- सुवेंदु अधिकारी राज्यपाल से मिलने पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया

**सुवेंदु अधिकारी** पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद सुवेंदु राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सुवेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। उधर शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए, तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं। अमित शाह ने सुवेंदु के नाम का ऐलान करने के बाद उन्हें सबसे पहले माला पहनाई।

## विजय को गवर्नर ने दिया सरकार बनाने का न्योता

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय शुक्रवार को तीसरी बार लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल से मिले। विजय द्वारा समर्थन पत्र सौंपने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात संक्षिप्त रही।

शनिवार सुबह 11 बजे विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। विजय की शपथ में राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस और वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने के कुछ घंटों बाद विजय शुक्रवार को तीसरी बार राजभवन पहुंचे, उन्होंने सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े का समर्थन पत्र सौंपा। टीवीके ने चुनाव में कुल 108 सीटें जीतकर मजबूत प्रदर्शन किया है। राज्य में सरकार बनाने के लिए बहुमत का



आंकड़ा 118 सीटों का है। ऐसे में विजय को सरकार गठन के लिए अभी और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, सीपीआई, वीसीके और मार्क्सवादी (सीपीआई- एम) के पास 2-2 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन टीवीके को पहले से मिला हुआ है।

## कर्नल सोफिया पर विजय शाह की टिप्पणी

# मप्र सरकार पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कर्नल सोफिया मामले में एमपी सरकार को फटकार, कहा: बहुत हुआ, आदेश का पालन करें

**नई दिल्ली।** सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में कहा कि बस बहुत हुआ, अब हमारे आदेश का पालन कीजिए। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। सुनवाई के दौरान जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि शायद उनके बयान को गलत समझा गया और वे महिला अधिकारी की प्रशंसा करना चाहते थे, तो सीजेआई सूर्यकांत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक राजनेता के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है कि किसी महिला अधिकारी की प्रशंसा कैसे की जाती है। कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह के कमेंट करने की आदत है। यह विवाद पिछले साल भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ की गई क्रॉस-बॉर्डर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुआ था।

# ग्रेटर नोएडा के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मालियों के शव मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मेरठ के रहने वाले थे दोनों मृतक

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला क्षेत्र ग्रेटर नोएडा के नॉलेजपार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी इंस्टीट्यूट के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो व्यक्तियों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या की आशंका के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया गया कि उसको डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक निजी संस्थान के निर्माणाधीन हॉस्टल के कमरे में दो लोगों के शव पड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना नॉलेजपार्क पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान मृतकों की पहचान इंद्र पुत्र निवासी अब्दुल्लापुर, मेरठ तथा शीशपाल निवासी ग्राम इंचौली, मेरठ के रूप में हुई। दोनों की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। दोनों व्यक्ति करीब दो से तीन दिन पहले ही संस्थान में माली का कार्य करने के लिए आए थे और निर्माणाधीन हॉस्टल परिसर में ही रह रहे थे।

## कांग्रेस और द्रमुक के अलग हुए रास्ते

**नई दिल्ली।** द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संसद में द्रमुक सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। कनिमोझी ने अपने पत्र में लिखा कि वह लोकसभा में द्रमुक सांसदों की सीटिंग व्यवस्था में उपयुक्त बदलाव करने का सम्मानपूर्वक अनुरोध करती हैं। बदले हुए राजनीतिक हालात और कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त हो जाने के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ मौजूदा सीटिंग व्यवस्था में बैठना अब उचित नहीं माना जा सकता।



चेन्नई: टीवीके प्रमुख विजय के समर्थन में पोस्टर दिखाती एक कांग्रेस कार्यकर्ता।

# स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली 'तारा' का सफल परीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो



- डीआरडीओ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'तारा' भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है। इसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिये पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। इसका उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। 'तारा' प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे।

# यूपी में आंधी-बारिश से पारा 10 डिग्री तक गिरा

- गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और गंगा से सटे बंगाल के इलाकों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई जिलों में भी अगले 7 दिन तक भारी बारिश होगी। शुक्रवार को एमपी में आंधी-बारिश के बाद तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यूपी में भी बारिश से राहत रही। 7 दिन पहले जिस बांदा में तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस था, वह 7 मई को 38 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना हुआ है। गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा, यहां का तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

CMYK

# उप्र में लापरवाह डॉक्टरों पर सरकार की बड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांच डॉक्टर किए बर्खास्त, दो डाक्टरों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही, अनियमितताओं और कर्तव्य पालन में कोताही के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए पांच डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है तथा कई स्वास्थ्य अधिकारियों और डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार लंबे समय तक बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और चिकित्सा कार्य से दूर रहने के आरोप में पांच चिकित्सा अधिकारियों को सेवा से हटाया गया है।

बर्खास्त किए गए डॉक्टरों में गोरखपुर जिला अस्पताल की डा. अलकनंदा, कुशीनगर सीएमओ कार्यालय में तैनात डा. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डा. सौरभ सिंह, अमेठी के सीएचसी जगदीशपुर के डा. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया के सीएचसी दिबियापुर की डा. मोनिका वर्मा शामिल हैं। बयान के अनुसार सरकार ने अंबेडकर नगर में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं के मामले में सीएमओ डा. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डा. संजय वर्मा समेत 16 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जांच में इन अधिकारियों पर सरकारी मानकों के उल्लंघन, पद के दुरुपयोग और निजी हितों के लिए फाइलों को मंजूरी देने के आरोप सही पाए गए। जांच एक अपर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय समिति ने की थी। हरदोई में अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और जिम्मेदारियों की अनदेखी के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिले में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद एक जूनियर डॉक्टर को वरिष्ठ जिम्मेदारी सौंपने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इस बयान में कहा गया है कि इलाज में लापरवाही, प्रशासनिक चूक, अनुचित मेडिको-लीगल जांच और सहकर्मियों से दुर्व्यवहार जैसे मामलों में भी कई डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें प्रयागराज के डा. शमीम अख्तर, सुल्तानपुर के सीएचसी लंभुआ में तैनात एक डाक्टर और फार्मासिस्ट तथा मथुरा जिला अस्पताल के दो डॉक्टर शामिल हैं। चिकित्सा कर्तव्यों में कथित लापरवाही के लिए बलरामपुर, वाराणसी, बदायूं, लखीमपुर खीरी और संभल समेत कई जिलों में तैनात डॉक्टरों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुश्किलों में हम नहीं छोड़ते साथ: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने तमिलनाडु के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके स्टालिन संग तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट में उन्होंने पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ भी तस्वीर शेयर की है। अखिलेश ने ममता और स्टालिन की तस्वीर साझ करते हुए लिखा- हम वो नहीं, जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई ने डीएमके के साथ गठबंधन खत्म कर टीवीके साथ जाने का ऐलान किया है। कांग्रेस हाईकमान ने राज्य इकाई पर यह फैसला छोड़ा था कि वह टीवीके को समर्थन देना चाहती है या नहीं। कांग्रेस ने डीएमके के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि नतीजों के बाद कांग्रेस ने पाला बदल लिया।

### पुलिस ने नशीले पदार्थों के आरोपी की संपत्ति गिराई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस ने नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए कई प्रमुख तस्करों की अवैध संपत्तियां गिराते हुए दुकानें सील की और करोड़ों की संपत्ति जब्त की है। बारामूला पुलिस ने जीडीए के साथ मिलकर तंगमार्ग क्षेत्र में नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की। संयुक्त अभियान में फिरोजपोरा तंगमार्ग के कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्कर इम्तियाज अहमद मीर की एक दुकान को पुलिस ने गिरा दिया।

# सीईओ के खिलाफ इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया

नई दिल्ली, वार्ता

**■ द. दिल्ली की रहने वाली है पीड़िता**

राजधानी दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी रेडक्यूब डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय प्रकाश के खिलाफ कंपनी की इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।

दक्षिण दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे गंभीर परिणामों की धमकी दी है। अपनी शिकायत के अनुसार उसने 2025 में बतौर एक इंटर्न कंपनी जॉइन की थी। पीड़िता ने बताया कि जिस दिन मैंने कंपनी जॉइन की, मुझे सीईओ अजय प्रकाश और उनकी पत्नी (जो कंपनी में निदेशक हैं) का व्यवहार अच्छा नहीं लगा। अजय प्रकाश मुझे मेरे व्हाट्सप नंबर पर बे-वक्त कॉल किया करते थे। उसने आरोप लगाया कि सीईओ को पता था कि वह दिल्ली में अकेली है और उसने इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश की। उसने कहा कि अजय प्रकाश उसे छोटी-मोटी बातों के लिए भी अपने केबिन में बुलाते, लेकिन वह हमेशा काम से मतलब रखती रही। पीड़िता ने सीईओ पर आरोप लगाया कि काम के दौरान अनुचित शब्दों का इस्तेमाल करते और जब वह अपनी डेस्क पर होती, तो लगभग हर दिन सबके सामने, बगैर उसकी अनुमति के उसके कंधों और बालों को छूते थे। उसने आरोप लगाया कि उसे चुप रहने और ऑफिस में उसके साथ हुई किसी भी घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी गई थी, वरना वे उसका करियर बर्बाद करने की धमकी देते। पीड़िता ने कहा कि 15 अप्रैल, 2026 को नौकरी छोड़ने के बाद 24 अप्रैल, 2026 को मेरी परीक्षा थी। उस परीक्षा में बैठने के लिए मुझे कंपनी से चार महीने की इंटर्नशिप का सर्टिफिकेट चाहिए था। मैंने कंपनी के एचआर को मौखिक और शारीरिक उत्पीड़न की पूरी घटना के बारे में ईमेल किया, जिस पर अजय प्रकाश ने स्थिति का तोड़-मरोड़कर जवाब दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एचआर हिना खान ने उसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया और उसके बाद उसे कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

# स्वच्छता अभियान को जनांदोलन बनाएं: शर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर बैठक**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश भर के नगर आयुक्त, मेयर, पार्षद, ईओ तथा विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26, सिटीजन फीडबैक, कूड़ा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 और आरआरआर मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए और आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक सिटीजन फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा वार्ड स्तर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को सक्रिय किया जाए। मंत्री ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया। शर्मा ने कहा कि आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने, साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन आधारित जागरूकता अभियान संचालित करने पर भी चर्चा हुई।

## एनसीआरबी ने 2024 के लिए अपराध के जारी किए आंकड़े

# यूपी में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

नई दिल्ली, वार्ता

**■ 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 441534 दर्ज किए गए**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार देश में 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 441534 दर्ज किए गए, जबकि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 448211 दर्ज किए गए थे।

राज्यों के हिसाब से 2024 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक 66398 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद महाराष्ट्र 47954 और राजस्थान 36563 मामलों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13396 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में 13439 मामले दर्ज किए गए थे। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में सबसे कम 13 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 34 और नागालैंड 56 मामलों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### महिला सुरक्षा पर एनसीआरबी आंकड़ों ने खोली मोदी सरकार की पोल: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने साइबर अपराधों में हुई बढ़ोतरी का भी जिक्र किया।

### भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ बड़े मामले: अलका लाम्बा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है और भारतीय जनता पार्टी सरकार इन अपराधों को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा महिलाओं को सुरक्षा देने का दावा करती है लेकिन सबसे ज्यादा अपराध भाजपा शासित राज्यों में ही हो रहे है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे राज्य देश में महिला अपराधों के आंकड़े में सबसे ऊपर हैं। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के साथ भाजपा के नेताओं द्वारा दुष्कर्म कर उसकी हत्या की जाती है लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77328.19
निफ्टी 24176.15

सोना 152720 प्रति 10 ग्राम
चांदी 261000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में गिरावट, बैंकों और वित्तीय कंपनियों पर बना दबाव

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट रही और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स 516.33 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत नीचे 24,176.15 अंक पर बंद हुआ।

वृहत बाजार में अधिकतर सूचकांक लाल निशान में रहे। हालांकि निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.22 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। दूसरे प्रमुख एशियाई बाजारों में गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखी जा रही है। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव रहा। तेल एवं गैस, धातु और रियलटी समूहों के सूचकांकों में भी ज्यादा गिरावट देखी गई। आईटी समूह में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े छह फीसदी से ज्यादा लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूट गए। ट्रेंट, बजाज फिनसर्व और इटरनल में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर पौने पांच प्रतिशत उछला। एशियन पेंट्स में करीब तीन फीसदी की बढ़त रही। अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

# सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** शुक्रवार दोपहर सोना 460 रुपये की बढ़त के साथ 1,52,720 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा। वहीं चांदी करीब 1 फीसदी या 2459 रुपये के उछाल के साथ 2.61 लाख रुपये के भाव पर ट्रेड करती दिखी।

इससे पहले सुबह करीब 9 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,261 रुपये के मुकाबले 411 रुपये बढ़कर 1,52,672 रुपये पर खुला था। सुबह 9.43 पर यह 471 रुपये या 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,52,732 रुपये पर था और तब तक के कारोबार में सोने ने 1,52,672 रुपये का न्यूनतम स्तर और 1,53,103 रुपये का उच्चतम स्तर बनाया था। दूसरी ओर चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,58,540 रुपये के मुकाबले 1,445 रुपये की बढ़त के साथ 2,59,999 रुपये पर खुला था।

# उत्तर रेलवे के 1478 किमी मार्ग पर कवच प्रणाली के विस्तार को मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय रेल ने उत्तर रेलवे के 1,478 किलोमीटर मार्ग पर स्वदेशी कवच (स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली) के विस्तार को मंजूरी दी है। रेलवे की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि रेल सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा रेलवे के आधुनिकीकरण को लेकर मंजूर की गई इस परियोजना पर लगभग 362 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसके तहत फिरोजपुर और जम्मू मंडल के करीब 1,478 रूट किलोमीटर मार्ग पर कवच प्रणाली स्थापित की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत फिरोजपुर मंडल के शेष 1,012 किलोमीटर पर लगभग 241 करोड़ रुपये की लागत से कवच लगाया जाएगा। वहीं जम्मू मंडल में जलंधर सिटी जंक्शन-जम्मू तवी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, बटाला जंक्शन-पठानकोट जंक्शन और बनिहाल-बारामूला सेक्शनों के लगभग 466 किलोमीटर पर करीब 121 करोड़ रुपये की लागत से कवच प्रणाली स्थापित की जाएगी। रेलवे ने बताया है कि इसके तहत रेलवे ट्रैक के किनारे स्थाई कवच सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही, 40 मीटर ऊंचे संचार टावर और एंटीना अवसंरचना भी विकसित की जाएगी, ताकि सुरक्षा प्रणाली बेहतर और निर्बाध तरीके से कार्य कर सके। रेलवे के अनुसार कवच भारत में विकसित एक स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली है, जो किसी भी आपात स्थिति में स्वतः ब्रेक लगाकर ट्रेन टक्कर जैसी घटनाओं को रोकने में मदद करता है। यह तकनीक लोको पायलट को सुरक्षित ट्रेन संचालन में सहयोग देती है, क्योंकि इसके माध्यम से लोकोमोटिव, सिग्नलिग सिस्टम और ट्रैक पर लगे उपकरणों के बीच लगातार संपर्क बना रहता है। रेलवे ने कहा है कि इन महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर कवच प्रणाली लागू होने से ट्रेन संचालन और अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुगम बनेगा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटा

मुंबई, वार्ता



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 01 मई को समाप्त सप्ताह में 7.794 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रह गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का पांच सप्ताह का निचले स्तर और इसी अवधि में सबसे बड़ी गिरावट भी है। इससे पहले, 24 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 4.821 अरब डॉलर घटकर 698.487 अरब डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में गिरावट रही। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 01 मई को समाप्त सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 5.021 अरब डॉलर घटकर 115.216 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति भी 2.797 अरब डॉलर की कमी के साथ 551.825 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का आंकलन डॉलर की तुलना में इनकी संदर्भ दर के आधार पर किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.863 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 1.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.789 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# अब मिशन यूपी की तैयारी में बीजेपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ मंत्रिमंडल के साथ-साथ संगठन में भी हो सकता है बदलाव!**


**लखनऊ।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में से तीन पर बीजेपी ने भगवा लहरा दिया है। जल्द ही पश्चिम बंगाल और असम में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो जाएगा। इसके बाद बीजेपी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर रहने वाला है।देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही यह बदलाव किए जाएंगे।

इसी दिशा में उत्तर प्रदेश में योगी मंत्रिमंडल के विस्तार और प्रदेश इकाई में बदलाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खबर है कि 7 मई के बाद कभी भी मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। योगी मंत्रिमंडल के लिए नामों की सूची पर काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन बीजेपी मंत्रिमंडल विस्तार में ज्याद बदलाव करने के मूड में नहीं है। हालांकि अटकलें हैं कि मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है और कुछ ही पुराने चेहरे हटाए जा सकते हैं। इसका उद्देश्य जातीय समीकरण को साधना है। बीजेपी 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही मंत्रिमंडल का विस्तार करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में 54 मंत्री हैं। प्रदेश के मंत्रिमंडल की क्षमता 60 सीटों की है और अभी 6 सीटें खाली हैं, जिन्हें भरने पर फोकस किया जाएगा।

वर्तमान के मंत्रिमंडल में ज्यादा बदलाव न करने का उद्देश्य राज्य सरकार में जातीय समीकरणों के संतुलन को बनाए रखना है। अलीगढ़ की सुरक्षित सीट से विधायक सुरेंद्र दिलेर का नाम मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा सुरेंद्र दिलेर वाल्मीकि समाज से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह मंत्रिमंडल में एक वाल्मीकि चेहरा भी शामिल हो सकता है। ब्राह्मण जाति से रायबरेली के मनोज पांडे और मथुरा विधानसभा क्षेत्र से श्रीकांत शर्मा का नाम भी मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा पिछड़ी जाति से हंसराज विश्वकर्मा का नाम भी मंत्रीपद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा बीजेपी योगी की टीम में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ाने पर विचार कर रही है। फतेहपुर से तीन बार विधायक रहीं कृष्णा पासवान को मंत्री बनाया जा सकता है, जिससे महिला के साथ-साथ दलित समीकरण को साधा जा सके। इसके अलावा महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्य को भी मंत्री बनाने की चर्चा है।

आशा मौर्य पिछड़ी जाति से हैं। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले कुछ समय से बीजेपी यूपी को लेकर दिल्ली से लेकर लखनऊ तक कई बैठकें कर रही थी। मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव के लिए प्रस्तावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गई हैं। इसकी जानकारी यूपी के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दी। पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही नई प्रदेश कार्यकारिणी बनाने को लेकर चर्चा थी, लेकिन अब इसे जल्द से जल्द बनाने को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। चाहे मंत्रिमंडल का विस्तार हो या प्रदेश में संगठन का बदलाव बीजेपी जातीय समीकरणों का खास ख्याल रख रही है।

# बंगाल फिर बनेगा व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र: खंडेलवाल




**नई दिल्ली।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि पश्चिम बंगाल फिर से व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र बनेगा।

खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि व्यापार एवं उद्योग जगत अब राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनने की संभावना के साथ नई आशा और विश्वास से भर गया है। पिछले 15 वर्षों में राज्य में उद्योग, व्यापार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), पारंपरिक कारोबार और उद्यमिता को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नीति अस्थिरता, निवेशकों का घटता विश्वास, उद्योगों का पलायन, सिंडिकेट संस्कृति, प्रशासनिक दबाव और कमजोर औद्योगिक वातावरण ने बंगाल की ऐतिहासिक औद्योगिक पहचान को कमजोर किया। खंडेलवाल ने कहा कि एक समय देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में गिने जाने वाला पश्चिम बंगाल आज निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास की दौड़ में पीछे चला गया है। हजारों एमएसएमई इकाइयां बंद हुईं या अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गईं। व्यापारियों, छोटे उद्योगों, कारीगरों और पारंपरिक क्षेत्रों को पर्याप्त संरक्षण एवं प्रोत्साहन नहीं मिला, विशेष रूप से चाय, जूट, हैंडलूम, चमड़ा, मिठाई उद्योग और छोटे व्यापार से जुड़े लाखों लोगों को बढ़ती लागत, जटिल नियमों और कमजोर बुनियादी ढांचे का सामना करना पड़ा। छेना आधारित मिठाइयों पर जीएसटी ने भी पारंपरिक मिठाई उद्योग पर अतिरिक्त बोझ डाला।

# कृषक अन्नदाता और व्यापारी दोनों देश के भाग्य विधाता: संदीप बंसल



शाह टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** कृषक देश का अन्नदाता है तो व्यापारी इस देश का भाग्य विधाता है। आज देश को ६२ लाख करोड़ से अधिक का प्रति माह जीएसटी देने का कार्य देश का व्यापारी समाज कर रहा है। सर्वाधिक रोजगार देने का काम व्यापारी कर रहा है।

आवश्यकता इस बात की है कि उद्योग और व्यापार के विकास के मार्ग की समस्त बाधाओं को सरकारें दूर करें, अंग्रेज के बनाए कानून समाप्त हों (सैंपलिंग, बांट- माप, अन्य लाइसेंस प्रणालियां) और भ्रष्टाचार पर नकेल कसी जाए तो निश्चित रूप से भारत फिर से सोने की चिड़िया बन सकेगा। उक्त विचार अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार संदीप बंसल ने बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल के भव्य शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किये। लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के पार्षद अजय दीक्षित व पार्षद शिवपाल सांवरिया भी उपस्थित थे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने अध्यक्ष पद पर झब्लू गुप्ता को, चेयर मेन पद पर योगेंद्र सिंह, महामंत्री पद पर धीरपाल यादव, कोषाध्यक्ष पद पर अमित पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पद पर विवेक सिंह, शुभम यादव, राकेश मौर्य, आशुतोष गुप्ता, कुलदीप रावत, सुरेंद्र यादव चेतन तिवारी, संगठन मंत्री में राम सिंह लोधी, मंत्री में योगेंद्र यादव, रजीत मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, उपेंद्र मोहन विश्वकर्मा, व मीडिया प्रभारी राम निहाल मौर्य को शपथ दिलाई। संरक्षक में वीर विक्रम सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता सत्य प्रकाश राजपूत मनोज गुप्ता डाक्टर कुलभूषण शुक्ला आनंद द्विवेदी रहे।

इस अवसर पर पार्षद अनुराग दिक्षित शिवपाल सांवरिया, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, प्रदेश युवा महामंत्री आकाश गौतम, प्रदेश महिला अध्यक्ष अनीता जायसवाल, प्रदेश मंत्री अनिल उपाध्याय, महामंत्री अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, युवा महामंत्री शुभम मौर्या,पारा अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, अमरनाथ चौधरी, मुकेश कुमार नाग, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, संगठन मंत्री सुनीत साहू, महामंत्री मनीष अवस्थी, रंजय शर्मा, बलबीर सिंह मोदी उपस्थित थे।

# महिला सिपाही से सगाई टूटने पर मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** महिला सिपाही से सगाई टूटने पर शाहजहांपुर के युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मंगेतर के इंजी. नियर भाई को फंसाने के लिए उसने वाट्सएप और फेसबुक पर धमकी भरा पोस्ट किया।

इसके साथ ही उसने सिपाही के भाई को फंसाने की नियत से उसका नंबर टैग कर दिया। प्रयागराज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कुबूल कर लिया है। आरोपी नितेश कटियार की शादी मेट्रीमोनियल वेबसाइट के जरिए महिला सिपाही से तय हुई थी। 2022 बैच की सिपाही वर्तमान में मऊ जिले में पोस्टेड है। पिता काशी राम चौरसिया प्रयागराज के मऊआइमा में रहते हैं। सगाई काशी राम के साले अशोक चौरसिया के गाजियाबाद वाले घर में हुई। लेकिन, कुछ दिन बाद ही लड़की वालों ने यह कहकर रिश्ता तोड़ दिया कि बेटी को खुद से दूर नहीं भेजेंगे। इससे नितेश भड़क गया। लड़की के भाई पवन चौरसिया से उसका विवाद हो गया। दोनों के बीच काफी कहा. सुनी हुई। नितेश ने पवन को फंसाने की प्लानिंग कर डाली। उसने 6 मई को योगी को जान से मारने की धमकी दे डाली। योगी को धमकी वाले पोस्ट के बाद पुलिस एक्शन में आ गई। मोबाइल नंबर के आधार पर पवन को हिरासत में ले लिया। आरोपी नितेश कटियार, शाहजहांपुर के जलालाबाद कस्बे में मोहल्ला बुहनन्नान का रहने वाला है। जलालाबाद पंचायत में संविदा सफाईकर्मी है। जबकि महिला सिपाही का भाई पवन बेंगलुरू में मैकेनिकल इंजीनियर है।

## एक नजर

# जिला आयुष समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में आयुष विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये जिला आयुष समिति शासी निकाय की बैठक संगम सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा 100 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 25 बेड राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सहित सभी किरायें के भवनों में संचालित राजकीय आयुष विभाग के चिकित्सालयों के लिए भवन निर्माण हेतु भूमि के प्रस्ताव सम्बन्धित पत्रावली प्रचलित किये जाने हेतु क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित किया साथ ही आयुष विभाग की अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने भी निर्देशित किया। बैठक में डाद्ग नवीन सोनी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डाद्ग सीमा अग्रवाल-जिला होम्यापैथिक चिकित्साधिकारी, डाद्ग एचद्गकेद्ग मिश्रा-जिला कार्यकम प्रबन्धक आयुष विभाग, परियोजना निदेशक द्धग्रामीण विकासत्रः, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सूचना अधिकारी युवराज सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अखण्ड आर्यावर्त महासभा का सम्मेलन 11 मई का लखनऊ में आयोजित होगा



**लखनऊ ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आगामी 11 मई को राय उमानाथ आडिटोरियम, भातखण्डे विश्व. विद्यालय, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुये संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन प्रात: 11 बजे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी करेंगे। इस मौके पर देश-प्रदेश के साधू संत सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के प्रतिनिधि एवं संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बताया कि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है और इसमें देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ताओं का 10 मई से पहुंचना शुरू हो जायेगा। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में संगठन की मजबूती, आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हिन्दूवादी विचारधारा रखने वाले प्रत्याशियों को उतारने और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

# ग्राम पंचायतों में लगाई गई चौपाल अफसरों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**राय बरेली ।** आम जनता को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गांव में ही अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर शुक्रवार को छतोह ब्लाक की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

पंचायत संडहा में प्रधान रामबहादुर सरोज और ग्राम पंचायत कपूरपुर में प्रधान श्रीमती भानुमती की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित हुई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया। संडहा में आयोजित चौपाल में जेई द्धएमआईत्रः आलोक सिंह और एडीओ धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। ग्राम सचिव सुबोध कुमार ने पंचायत में कराए गए विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत तालाब खुदाई, इंटरलाकिंग तथा सामुदायिक शौचालय की सफाई का कार्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम सचिव ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत में 114 अंत्योदय कार्ड धारक और 704 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक परिवार हैं। इसके अलावा 140 वृद्धावस्था पेंशन, 77 विधवा पेंशन और 16 दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी नियमित रूप से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव में 24 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं तथा बीसी सखी, समूह सखी और स्वास्थ्य सखी की तैनाती भी की गई है। गांव में अब तक 93 फैमिली आईडी बनाई गई हैं, जिसे संतोषजनक नहीं माना गया। फैमिली आईडी बनने से 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ स्वत: मिल सकेगा। स्कूली बच्चों के लिए जूनियर हाईस्कूल में तथा आम जनता के उपयोग के लिए पंचायत भवन के सामने वाटर कूलर युक्त आरओ सिस्टम अगले सप्ताह तक स्थापित कर दिया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत कपूरपुर में प्रधान श्रीमती भानुमती की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में पेंशन धारक. ों, राशन कार्ड लाभार्थियों और पंचायत में विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

# जलकर ब्याज पर भवन स्वामियों को शत प्रतिशत की छूट देने की घोषणा

**प्रयागराज।** नगर निगम के सीमा क्षेत्र में रहने वाले भवन स्वामियों को जलकर में बड़ी राहत मिली है। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने बकाया जलकर पर लगने वाले ब्याज में शत प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। यह छूट शहर के सभी आवासीय और व्यावसायिक भवनों पर लागू होगी।उन्होंने बताया कि सरलीकरण योजना के तहत उपभोक्ता अब 31 जुलाई 2026 तक बिना ब्याज के अपना बकाया जलकर जमा कर सकेंगे। जनता की समस्याओं और जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग को देखते हुए यह जनहितैषी निर्णय लिया गया है। पिछले काफी समय से शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस योजना को पुनर्जीवित करने की मांग की जा रही थी। उनका कहना था कि भारी ब्याज के कारण वे बकाया जलकर जमा करने में असमर्थ थे। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, महापौर ने योजना की अवधि बढ़ाने और ब्याज माफ करने के निर्देश दिए। जलकल विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह सुविधा अब उपलब्ध है। महापौर केसरवानी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य जनता को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इस निर्णय से नागरिकों को आर्थिक लाभ मिलेगा और नगर निगम के राजस्व में भी सुधार होगा, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। महापौर ने शहरवा. सियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 का इंतजार किए बिना समय रहते अपने जलकर का भुगतान करें। उपभोक्ता अपने नजदीकी जलकल कार्यालय या जोनल कार्यालय में संपर्क कर छूट का लाभ ले सकते हैं।

# चर्चित पुष्पेन्द्र हत्याकांड के सभी अभियुक्तों के आजीवन कारावास की सजा बरकरार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झांसी के चर्चित पुष्पराज उर्फ पुष्पेंद्र हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए सभी छह अभियुक्तों की आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी है। कोर्ट ने दोषियों की अपील को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट की ओर से दी गई सजा में हस्तक्षेप का कोई ठोस आधार नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय व न्यायमूर्ति डा. अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने दिया है।

झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मुस्तरा गांव में जुलाई 2007 की रात वारदात हुई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार मृतक पुष्पराज अपने परिवार के साथ घर में टीवी देख रहा था तभी गांव के ही कृष्णपाल उर्फ लाला, ऋषि पाल, रघुनाथ, रंजीत, बहादुर और उधम सिंह ने हथियारों से लैस होकर उसके घर पर हमला बोल दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल पुष्पराज ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2011 में कृष्णपाल, ऋषि पाल, रघुनाथ, रंजीत, बहादुर और उधम सिंह को हत्या और बलवा करने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दोषियों ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अदालत के सामने पेश की गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हमलावरों की क्रूरता का खुलासा हुआ। पुष्पराज के शरीर पर चोट के 10 गंभीर निशान थे। शरीर के कई हिस्सों की हड्डियां चकनाचूर हो गई थीं। कोर्ट ने माना कि यह हमला पूरी योजना के साथ जान लेने की नीयत से किया था।

### शिक्षा प्लस प्रोग्राम के तहत 2450 निरक्षरों को मिला साक्षरता प्रमाण-पत्र

**मुरादाबाद।** परिवर्तन "दी चेंज" संस्था द्वारा संचालित शिक्षा प्लस प्रोग्राम के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में 2450 लाभार्थियों को साक्षरता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा फॉर एडल्ट्स प्रोजेक्ट के तहत मुरादाबाद एवं छजलैट ब्लॉक में संचा. लित किया गया था। चार माह के इस विशेष अभियान के माध्यम से निरक्षर लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाकर साक्षर बनाया गया।समारोह में मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक सतानंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है और ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में नई जागरूकता पैदा कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि शिव नाडर फाउंडेशन की शिक्षा फॉर एडल्ट्स प्रोग्राम मैनेजर भावना शर्मा तथा बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने भी लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नरेश, शिक्षा फॉर एडल्ट्स से संजीव झा सहित संस्था के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, जनशिक्षक एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# आमने-सामने की भिड़ंत में बाइकों में लगी आग

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हो गया। चचरी-करनैलगंज मार्ग पर करीब 1 बजे दो बाइकों की आमने -सामने टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं।

घायलों में बड़काऊ, उनकी पत्नी और दूसरी बाइक सवार अंकित यादव शामिल हैं।टक्कर के बाद सुपर स्प्लेंडर बाइक में भीषण आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर राख हो गई। वहीं दूसरी बजाज सीटी 100 बाइक का कुछ हिस्सा भी आग की चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घर लौटते समय हुआ हाद. सापारा गांव निवासी बड़काऊ अपनी पत्नी के साथ चचरी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान करनैलगंज की ओर से आ रहे अंकित यादव की स्प्लेंडर बाइक ने उनकी सीटी 100 बाइक को सामने से टक्कर मार दी। भिड़ंत के बाद दोनों बाइकों में शार्ट सर्किट हुआ और पेट्रोल फैलने से आग भड़क गई। गनीमत रही कि टक्कर के तुरंत बाद बाइक सवार सड़क हट गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सीएचसी में भर्ती, पुलिस ने शुरू की जांच, हादसे में घायल तीनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर के बाद आग लग गई थी। एक बाइक पूरी तरह जल गई, जबकि दूसरी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है ।

# टेंट गोदाम में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला दमकल विभाग ने पाया

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना बैंक रोड स्थित बालू मंडी में देर रात टेंट के गोदामों में भीषण आग लग गई। सूखे कपड़े, बांस और लकड़ी का सामान होने के कारण आग तेजी से फैली, लेकिन पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना देर रात की है, जब बालू मंडी इलाके में टेंट के गोदामों से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। रात का समय होने के कारण शुरुआत में आग का पता नहीं चला, लेकिन जैसे ही आग ने टेंट के कपड़ों को अपनी चपेट में लिया। लपटें ऊंची उठने लगीं और धुएं का गुबार दूर से दिखाई देने लगा। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही कीडगंज थाना पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला। पुलिस और दमकल टीम ने आग बुझाने के साथ-साथ अपनी जान जोखिम में डालकर गोदामों के भीतर रखे टेंट के भारी सामान को बाहर निकालना शुरू किया। टीम की सक्रियता के कारण गोदाम में रखे लाखों रुपये के कीमती कपड़े, कालीन और फर्नीचर को आग की चपेट में आने से पहले ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यदि यह सामान समय रहते नहीं हटाया जाता, तो नुकसान का आंकड़ा काफी बढ़ सकता था।

# अवैध मेडिकल स्टोर व नर्सिंग होम की जांच की मांग



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के अध्यक्ष ने क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम और पैथोलाजी सेंटरों की जांच कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की अपील की गई है।

अध्यक्ष द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत नसीराबाद क्षेत्र में कई मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम और पैथोलाजी सेंटर बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। आरोप है कि इन संस्थानों ने न तो नगर पंचायत से और न ही किसी अन्य संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र द्धएनआ. ेसीत्रः प्राप्त किया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि ऐसे संस्थानों में कोई अप्रिय घटना घट जाती है तो इसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए जनहित को देखते हुए इन संस्थानों की जल्द से जल्द जांच कराई जानी चाहिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नगर पंचायत की ओर से यह भी बताया गया कि इस संबंध में पहले भी पत्रांक संख्या 384/नद्गप. द्गन/2025-26 दिनांक 02 फरवरी 2026 के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते पुन: अनुस्मारक पत्र भेजा गया है। अध्यक्ष ने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि किसी भी संभावित अप्रिय घटना से पहले संबंधित संस्थानों की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके और लोगों की आशंकाओं को दूर किया जा सके।

इस पत्र की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, जिलाधिकारी रायबरेली और उपजिलाधिकारी सलोन को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

### अलग-अलग हादसों में दो की इलाज के दौरान मौत

**गोंडा।**जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक मामले में नामजद बाइक चालक और दूसरे में अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के भोपतपुर के महावीरन पुरवा निवासी गौरी शंकर ने बताया कि एक मई की शाम करीब सात बजे उनके चाचा राम मनोहर यादव द्ध58त्रः साइकिल से दूध लेकर पंडित पुरवा गांव जा रहे थे। पंडित पुरवा गेट के पास सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार विनोद निवासी भोपतपुर ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में राम मनोहर यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।दूसरी घटना गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन मार्ग पर लोलपुर ओवरब्रिज के पास हुई। बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के देवखर मिश्र गांव निवासी रविशंकर ने बताया कि दो मई की दोपहर को उनके भाई सुनील कुमार अपनी साली प्रिया को बाइक से अयोध्या से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि प्रिया भी घायल हो गईं।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**गोण्डा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज-बस्ती मार्ग पर तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के सांड़पुर गांव निवासी मनोज सिंह ने बताया कि उनके छोटे भाई शैलेश सिंह बृहस्पतिवार को तरबगंज क्षेत्र के अमदही गांव स्थित अपनी बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज-बस्ती मार्ग पर दोपहर में करीब डेढ़ बजे जफरापुर गांव स्थित वेदान्त अस्पताल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई।हादसे में शैलेश सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 02 लाख से अधिक मामलों के

**मुरादाबाद।** (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद सै. माऊज बिन आसिम द्वारा प्रात: 10:00 बजे जिला न्यायालय परिसर में स्थित न्याय भवन से किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि आज दिनांक 09 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय वाद, स्टांप वाद, राजस्व वाद, बैंक अकाउंट वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वैवाहिक/पारिवारिक वाद, टैक्स संबंधी मामले, विद्युत चोरी वाद, चौक बाउंस से संबंधित धारा 138 एन. आई. एक्ट, चालान से संबंधित समस्त मामले, श्रम वाद, जलकर वाद और प्री-लेटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं ऐसे सभी चिन्हित वादों का निस्तारण कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत जनपद में करीब 220632 मामले चिन्हित किए गए हैं। इन सभी मामलों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप समाधान सुनिश्चित कराने के संबंध में सक्षम स्तर से निर्देशित किया जा चुका है।

उत्तर रेलवे
'शुद्धिपत्र सूचना'
नं०: 106-सिग-टेन्डर-10/2026-27 शुद्धिपत्र दिनांक: 08.05.2026
संदर्भ :- निविदा सूचना सं: 106-सिग-टेन्डर-10/2026-27 दिनांक: 28.05.2026 के लिये शुद्धिपत्र।
उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाय।
आइटम संशोधित

| Code | Field Name | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| Tender Document | Item Description | Old Tender Document | New Tender Document |

ireps पर नया टेन्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया गया है।
अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी। 1555/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीएसए के खिलाफ शिकायत की जांच को दो सदस्यीय कमेटी गठित

### 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के गंभीर आरोपों ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष पं. मनु शर्मा एडवोकेट की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद बीएसए मोनिका के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जो 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बीएसए कार्यालय में संबद्ध कर्मचारियों को मूल तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया। इसके अलावा वर्ष 2023 से 2026 के बीच कई निजी विद्यालयों को नियमों के विपरीत मान्यता देने, विभागीय बैठकों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी, ग्रेच्युटी भुगतान में धांधली और वाहन लॉगबुक में फर्जी विवरण दर्ज करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतनमान निर्धारण में अनियमितताएं की गई, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा। मुख्य विकास अधिकारी ने मामले की जांच के लिए उप शिक्षा निदेशक डायट बुढ़नपुर और जिला विद्यालय निरीक्षक की संयुक्त जांच समिति बनाई है, जो पूरे प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

# कांस्टेबल ने शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक सम्बंध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जेल पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात एक युवक ने एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारिरिक सम्बंध बनाए। इतना ही नहीं बहन की शादी की बात कहकर खर्च आदि के लिए लगभग दो लाख रूपये भी अपने खाते में डलवा लिये। अब वह शादी से इंकार कर रहा है, पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती वर्ष 2024 में बस द्वारा अपने घर आ रही थी कि तभी डासना कस्बे से एक युवक भी बस में चढ़ा। वह युवती की बगल में आकर बैठ गया। उसने अपना नाम पंकज सैनी तैनाती कांस्टेबल जेल पुलिस नोएडा बताते हुए बातचीत करनी शुरू कर दी। बताया कि वह बिजनौर जनपद के ब्लॉक जलीलपुर का निवासी है। कांस्टेबल ने युवती का नंबर भी ले

**■ युवती की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

लिया और बातचीत शुरू कर दी। कुछ समय बाद पंकज ने युवती को प्रेम करने की बात कहते हुए शादी करने का भरोसा दिया। युवती ने कहा कि वह उसके परिजनों से बात करे, जिस पर पंकज ने युवती के भाई से भी फोन पर बात करके शादी के प्रति आश्वस्त किया। पंकज युवती को अपने नोएडा स्थित सरकारी आवास पर ले गया। जहाँ उसने शादी करने की बात कहकर युवती के साथ शारी. रिक सम्बन्ध बनाये। युवती ने कुछ समय बाद पंकज से कहा कि अब हम शादी कर लेते है तो पंकज ने कहा कि बहन की शादी मार्च 2026 में है, उसके बाद शादी कर लेगे। पंकज ने अपनी बहन की शादी की खरीदारी के नाम पर बहाना बनाकर धीरे धीरे युवती से करीब दो लाख रूपये भी अपने खाते में डलवा लिये और युवती की दो सोने की अंगूठी, सोने का कुण्डल, एक सोने का गले का हार, एक जोडी चांदी की पायल भी लेकर गिरवी रख दी। फिर 05.03.2026 को पंकज युवती के घर पर आया और कहा कि जल्द शादी कर लेंगे। मार्च के बाद जब युवती ने शादी को कहा तो पंकज सैनी ने युवती के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौच की और शादी करने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 43 हजार रूपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का निर्देश

# ऑपरेशन का क्लेम न देना बीमा कम्पनी को पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ऑपरेशन पर हुए खर्च का क्लेम न देने पर उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को 43 हजार रूपये का क्लेम नौ प्रतिशत ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया है। जबकि मानसिक पीढ़ा, आर्थिक और मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपये अलग से एक माह के अंदर अदा करने का भी आदेश दिया है।

गजरौला के गांव निवासी कृष्ण कुमार ने एक निजी बैंक के माध्यम से हेल्थ पॉलिसी कराई थी, जो एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक वैध थी। इसी दौरान उन्हें पथरी की समस्या हो गई, जिसके चलते उन्हें 7 दिसंबर 2024 को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 10 दिसंबर को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इलाज पर करीब 43 हजार रुपये का खर्च आया। इसके बाद वरुण कुमार ने बीमा कंपनी से इलाज खर्च का क्लेम मांगा, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि मरीज के भर्ती और इलाज का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इस पर पीड़ित पक्ष ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद बीमा कंपनी की दलीलों को खारिज कर दिया और पीड़ित के पक्ष में निर्णय सुनाया। अदालत ने साफ कहा कि बीमा कंपनी सेवा देने में विफल रही है और उपभोक्ता को उसका अधिकार दिया जाना चाहिए।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने घनश्याम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लॉक कमेटी का गठन किया गया। जिला पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। गठन के दौरान घनश्याम सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष, छतर सिंह को महामंत्री, अभिमन्यु यादव को कोषाध्यक्ष, रतन सिंह को संगठन मंत्री तथा विक्रम सिंह को संप्रेक्षक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर राजेश सैनी ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज और व्यवस्था की रीढ़ हैं। जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कर्मचारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विकास खंड के गांव रखेड़ा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित

**■ रखेड़ा के उ०प्रा० विद्यालय में पीटीएम आयोजित**

मेगा पीटीएम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता करते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरती गुप्ता, बीडीओ लोकचंद आनंद व एडीओ संजीव तुरैहा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहा। इस दौरान गत वर्षों में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया। विद्यालय में नवीन सत्र में सौ से अधिक नामांकन होने के कारण मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यालय परिवार की सराहना की गई। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक डॉ. जोगिन्द्र सिंह ने छात्रों के लिए एक खेल किट भेंट की व खेलों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। मंच संचालन डॉ.नरेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान विशेष अतिथि नवनीत, रवि यादव, एसआरजी जितेन्द्र सागर, नफीस अहमद, आदेश, सुभाष, दीपक, अरविंद आदि मौजूद रहे।



### पालिका सभागार में हुई गोष्ठी

# स्वगणना के लिए लोगों को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने लोगों से अपील की कि वह स्व गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें तथा अपने परिवार का डाटा स्वयं अपडेट करें।

शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में 'स्व: गणना' अभियान विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने नागरिकों को ऑनलाइन जनगणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार पहली बार 7 मई से 21 मई तक 'स्व: गणना' आयोजित कर रही है। इस दौरान नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाएगी। डॉ. बृजेश कुमार ने कहा कि डिजिटल जनगणना से पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध होगी। उन्होंने बताया कि सही और सटीक आंकड़े सरकार की योजनाओं को धरातल पर बेहतर तरीके से लागू करने में अहम भूमिका निभाते हैं। गोष्ठी में नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं ऑनलाइन जनगणना करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

# जनगणना से दर्ज होगी हर नागरिक की सही पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी और उनके पति चौधरी वीरेंद्र

**■ जनगणना से प्रत्येक व्यक्ति की पहचान होगी सुनिश्चित**

सिंह ने स्व-जनगणना करते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि अपनी स्व-जनगणना करें।

ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि नागरिक क्यू आर कोड स्कैन कर अथवा se-census-gov-in पोर्टल पर जाकर एक मोबाइल नंबर से पूरे परिवार का पंजीकरण कर सकते हैं। ओटीपी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद अपनी पसंद की भाषा चुनकर सही लोकेशन (जियो टैग) के साथ ऑनलाइन प्रश्नावली भरनी होगी। चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि डिजिटल जनगणना व्यवस्था से लोगों को सुविधा मिलेगी और आंकड़ों की पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी सही जानकारी दर्ज करें, जिससे भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके और प्रत्येक नागरिक की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



## 15 मई को होगा लेखपाल संघ उपशाखा का चुनाव



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** लेखपाल संघ की उपशाखा धनौरा के द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आगामी 15 मई को तहसील सभागार में कराया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के लेखपाल मतदान कर नई कार्यकारिणी का चयन करेंगे। चुनाव को लेकर तहसील परिसर में हलचल तेज हो गई है और संभावित प्रत्याशियों ने जनसंपर्क भी शुरू कर दिया है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। अमरोहा तहसील के लेखपाल प्रशांत गुर्जर को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है, जबकि हसनपुर तहसील के लेखपाल दिनेश कुमार को उपचुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मतदान 15 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक तहसील सभागार में होगा। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# सीएचसी में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रशिक्षण



## स्टाफ ने ली सुरक्षा शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सीएचसी में अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने की। इस दौरान अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने तथा आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में डा.बीके स्नेही ने उपस्थित चिकित्सकों पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने और किसी भी आपदा की स्थिति में सतर्क व जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान किया।

फायर स्टेशन धामपुर से पहुंचे एएसआई सतवीर सिंह एवं कांस्टेबल धर्मेंद्र पंवार ने अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग समय-समय पर जांच तथा गैस सिलेंडरों को सुरक्षित एवं रिफिल स्थिति में रखने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम में मंडलीय स्वास्थ्य सलाहकार डा. सुजीत सिंह सहित अस्पताल के चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मचारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। प्रशिक्षण के दौरान सभी को आग से बचाव एवं आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण तरीके बताए गए।

# रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर भाषण प्रतियोगिता

## विवेक विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब गंगा ने किया विजेताओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर रोटरी क्लब गंगा द्वारा प्रभावशाली भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस में किया गया। प्रतियोगिता का विषय रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन दर्शन एवं भारतीय संस्कृति रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एनके गुप्ता, रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा, रोटरी क्लब गंगा की ओर से चेयरमैन रोटेरियन राजीव कुमार अग्रवाल एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रक्षिता जिंदल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लमा आरिफ ने द्वितीय स्थान एवं लक्षिता राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखते हुए जानवी चौधरी, तनिष्का एवं वृद्धि चौधरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता प्रतिभागियों को रोटरी क्लब गंगा की ओर से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कुलपति डा. एनके गुप्ता ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक महान साहित्यकार ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और मानवता के सच्चे प्रतिनिधि थे। रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर का शिक्षा दर्शन आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों को रचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाषण प्रतियोगिता जैसे मंच विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोटरी क्लब गंगा के अध्यक्ष रोटेरियन राजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं महान व्यक्तियों के विचारों से जोडना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थी, जानवी चौधरी, रिया सैनी, रक्षिता जिंदल, आद्रिका खन्ना, लामा आरिफ लक्षिता राजपूत, तनिष्क, वृद्धि चौधरी, मौहम्मद असद, विभूति भटनागर, रिया सैनी एवं सृष्टि रस्तोगी ने उत्कृष्ट सहभागिता का प्रदर्शन करते हुए अपने विचारों एवं प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। सभी प्रतिभागियों ने इस भाषण प्रतियोगिता में रवींद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व एवं भारतीय संस्कृति पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उनकी शिक्षा, मानवता, राष्ट्रप्रेम एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े विचारों को अपने भाषण का मुख्य आधार बनाया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के आत्म विश्वास, विषय प्रस्तुति एवं अभिव्यक्ति शैली की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल ने कहा कि टैगोर का जीवन दर्शन मानवता, प्रेम, शिक्षा एवं सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, संवाद एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के अंदर नेतृत्व क्षमता एवं मंच संचालन कौशल को विकसित करते हैं।कार्यक्रम का संचालन असि. प्रो. अमन रस्तौगी एवं छात्र शुभ शर्मा ने सयुक्त रुप से किया। असि.प्रो. सलोनी वत्सल ने कार्यक्रम का समन्वय किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में असि. प्रो. विश्वजीत सिंह, डा. शोभित रस्तौगी, मोहित त्यागी, डा.राहुल गर्ग, शिप्रा त्यागी, शिवानी राजपूत, दयानंद ठाकुर, रितु राज, डा.नजमुश, निरूल कुमार, पूर्वी अग्रवाल आदि सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

## एक नजर

### रालोद जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप का स्वागत



**किरतपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश सचिव व नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से रालोद एनडीए गठबंधन के संभावित प्रत्याशी काजी तारिक अली के मौहल्ला काजियान स्थित आवास पर आज दोपहर रालोद जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप का जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप ने कहा कि रालोद एक ऐसी पार्टी है, जो दलित अल्पसंख्यकों कि हितेषी है। पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की कदर करते हैं, यही कारण है कि पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने फैज आलम पुत्र इख्तेदार चौधरी को किरतपुर नगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। काजी तारीक अली ने कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में डोर टू डोर घूम कर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्हें मतदाताओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। क्षेत्रवासी अबकी बार परिवर्तन चाहते हैं। उन्होंने नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि वह राजनीति में आकर रालोद को मजबूत करने का काम करें। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष फैज आलम ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसका वह बखूबी निर्वाह करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी जगबीर सिंह, राजेश कश्यप, खुर्शीद कुरैशी, मौहम्मद जाईम सिद्दीकी, काजी सलीम अहमद, काजी रशीद अहमद, डा. नदीम, कघजी अदनान, रिहान, बिलाल ,अंकित कुमार, समीर, अमन, साकिब, फैसल, आमिर, बहार आलम तथा शकील कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर भाकियू ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाकियू (अराजनीतिक) के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर तहसील में धरना शुरू कर दिया है। यूनियन ने भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और किसानों की बदहाली पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसान यूनियन द्वारा एलआरएस डिग्री कॉलेज में सिंचाई विभाग की भूमि और अन्य किसानों की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई है। साथ ही, अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों की जांच की अपील की गई है। कार्यकर्ताओं ने आईपीएस शुभम अग्रवाल (पंजाब कैडर) की कार्यप्रणाली और जनपद बिजनौर में निवेश की गई उनकी कथित चल-अचल संपत्ति की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। तहसील में लेखपाल और कानूनगो द्वारा निजी तौर पर रखे गए बाहरी व्यक्तियों (बिचौलियों) को तुरंत हटाने की मांग की गई है ताकि भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। ग्राम खुर्रमपुर खड़क में तालाब की सफाई और उसे कब्जा मुक्त कराने, जंगली हाथियों द्वारा नष्ट की गई फसलों का मुआवजा देने और सुरक्षा हेतु तारबाड़ लगाने की मांग की गई है।

# टीएससीटी कन्यादान योजना से छह शिक्षक परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शिक्षक हित में लगातार कार्य कर रही टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की कन्यादान योजना के तहत छह शिक्षक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने लाभार्थी परिवारों को सहायता राशि के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में प्रांतीय मीडिया प्रभारी नरेंद्र प्रताप गंगवार तथा प्रांतीय सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र मोहन वर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य करते हैं और उनके परिवारों के सुख-दुख में सहभागी बनना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि टीएससीटी की कन्यादान योजना जरूरतमंद शिक्षक परिवारों के लिए बेहद सहायक साबित हो रही है तथा संस्था का यह प्रयास सराहनीय है।



टीएससीटी जिलाध्यक्ष अनुज वीर गंगवार ने कहा कि संस्था हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ मजबूती से खड़ी है। जरूरतमंद शिक्षक परिवारों की सहायता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसी भी परिवार को कठिन समय में अकेला महसूस न हो।

जिला कन्यादान योजना प्रभारी हरीश गंगवार ने बताया कि टीएससीटी अब तक 602 कन्याओं के विवाह के लिए करीब 3.18 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा चुकी है। उन्होंने बताया कि सहयोग सूचना-दो के तहत बरेली के मानवेंद्र यादव, जमील अहमद, ज्ञानेंद्र पांडे, बादशाह, फरहा समर तथा स्नेह लता को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में लाभार्थी शिक्षकों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता डॉ. शमीम अहमद, जिला जीवनदान योजना प्रभारी चित्रसेन गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, नवल किशोर, मो. फारुक, रिजवान अहमद, सुधीर मिश्रा, भारत वीर गंगवार, मनोज गौतम, मोनिका गौतम तथा सपना खन्ना सहित अनेक पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

# फर्जी इकरारनामे और दबाव से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव सिली जागीर में जमीन के फर्जी इकरारनामे और लगातार दबाव बनाए जाने से परेशान युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



गांव सिली जागीर निवासी आफाक हुसैन पुत्र अशफाक हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके छोटे भाई अखलाक अहमद के नाम से गांव की भूमि का फर्जी और कूट रचित इकरारनामा तैयार किया गया था। आरोप है कि गांव के ही मोहम्मद शीराज पुत्र राहत हुसैन ने अपने सहयोगियों तसलीम अहमद और जसवंत के साथ मिलकर करीब 39 लाख 94 हजार रुपये बतौर पेशगी देना दर्शाया, जबकि वास्तविकता में न तो कोई रकम बैंक के माध्यम से दी गई और न ही नकद भुगतान हुआ। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जिस जमीन का इकरारनामा बनाया गया, उसका स्वामी अखलाक अहमद था ही नहीं। इसके बावजूद आरोपित लगातार उस पर अपने पिता से जमीन का बैनामा कराने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर दोगुनी रकम लौटाने और जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी।

आरोप है कि 13 अप्रैल की शाम मोहम्मद शीराज के पिता राहत हुसैन अखलाक के घर पहुंचे और परिवार के सामने उसे बुरा-भला कहा। उस समय अखलाक घर पर नहीं था। रात में घर लौटने पर परिवार ने उसे पूरी बात बताई, जिसके बाद वह काफी परेशान हो गया। अगले दिन सुबह फजर की नमाज पढ़ने के लिए घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा।

दोपहर करीब ढाई बजे ग्रामीणों ने मजार के पास गन्ने के खेत में एक शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अखलाक अहमद के रूप में की। परिजनों का आरोप है कि जमीन के विवाद और लगातार मानसिक दबाव के कारण अखलाक ने आत्महत्या की। मृतक के भाई आफाक हुसैन ने बताया कि घटना के बाद कागजों की तलाश के दौरान कथित इकरारनामे की फोटो प्रति मिली, जिसके आधार पर पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने मोहम्मद शीराज, राहत हुसैन समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बरेली रेंज के 89 थानों का प्रदेश में बजा डंका

**आईजीआरएस निस्तारण में बरेली रेंज ने प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**( मो0 इरफान मुनीम )**

**बरेली।** डीआईजी अजय कुमार साहनी के कुशल निर्देशन और सख्त मॉनिटरिंग का नतीजा है कि शासन की जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) में बरेली रेंज ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला मुकाम हासिल कर लिया। शासन द्वारा जारी अप्रैल-2026 की रैंकिंग में बरेली रेंज को जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और वक्त पर निस्तारण के लिए प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है।



इस शानदार कामयाबी में बरेली रेंज के चारों जनपदख्रबरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर का अहम योगदान रहा। चारों जनपदों के कुल 89 थानों ने संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर बरेली रेंज का नाम रोशन किया है। आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को शासन स्तर पर सराहा गया है।

जनपद बरेली के 28 थानों-अलीगंज, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, विशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियां, क्योलड़िया, भुता, हाफिजगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, कोतवाली, सिरौली, फरीदपुर, कैंट और फतेहगंज पूर्वी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जनपद बदायूं के 21 थानों-कुवरगांव, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, फैजगंज बेहटा, इस्लामनगर, वजीरगंज, दातागंज, मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी, उसावां, कादरचौक, उघैती, उसैहत, मूसाझाग, हजरतपुर, कोतवाली और सिविल लाइंस ने भी शानदार कार्य करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।

जनपद पीलीभीत के सभी 17 थानोंख्रमहिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर, सुनगढ़ी, अमरिया और बिलसंडा ने आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

**डीआईजी अजय कुमार साहनी की सख्त मॉनिटरिंग लाई रंग**

बरेली रेंज में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर अजय कुमार साहनी लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई को लेकर उनकी सख्त मॉनिटरिंग का ही नतीजा है कि बरेली रेंज ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। पुलिस विभाग की इस उपलब्धि को शासन स्तर पर बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

वहीं जनपद शाहजहांपुर के 23 थानोंख्रमहिला थाना, रामचंद्र मिशन, खुटार, सिंधौली, कोतवाली, परौर, बंडा, जलालाबाद, कलान, अल्हागंज, सेहरामऊ दक्षिणी, रोजा, मदनापुर, निगोही, मिर्जापुर, कांट, सदर बाजार, पुवायां, गढ़िया रंगीन, जैतीपुर, कटरा और खुदागंज ने भी संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर बरेली रेंज का मान बढ़ाया।

आईजीआरएस शिकायतों के प्रभावी निस्तारण में सराहनीय कार्य करने पर रेंज कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**खराब प्रदर्शन करने वालों की होगी समीक्षा**

बरेली रेंज के जिन जनपदों और थानों का आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है, उनके कार्यों की अलग से समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जन शिकायतों का निस्तारण पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आम जनता को त्वरित इंसाफ मिल सके।

# संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत, बहू पर जहर देकर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव बिक्रमपुर की गौटिया रसूलिया में 48 वर्षीय अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के बड़े बेटे ने छोटी बहू पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर के लक्षण मिलने के बाद विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

गौटिया रसूलिया निवासी मनोहर (48) पुत्र उमराव बुधवार रात संदिग्ध हालात में मृत मिले। गुरुवार सुबह उनका शव चारपाई पर पड़ा मिला, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया।मृतक के बड़े बेटे तेजेंद्र ने बताया कि वह रुद्रपुर में प्राइवेट नौकरी करता है। माता-पिता और तीनों बहनें भी उसके साथ रुद्रपुर में रहते थे। बुधवार सुबह मनोहर सरकारी राशन लेने गांव आए थे। रात करीब नौ बजे गांव के लोगों से बातचीत करने के बाद वह घर लौटे। आरोप है कि घर पहुंचने पर छोटे बेटे जितेंद्र की पत्नी शिवानी ने उन्हें खाना खिलाया। खाना खाने के बाद मनोहर सो गए और सुबह मृत पाए गए।सूचना मिलने पर तेजेंद्र परिवार के साथ गांव पहुंचा। गुरुवार को मृतक की पत्नी, बहन और बेटे तेजेंद्र ने बहू शिवानी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

तेजेंद्र का आरोप है कि चार वर्ष पहले जितेंद्र की शादी शिवानी से हुई थी। शादी के बाद से ही वह पूरे परिवार को प्रताड़ित करती थी। इसी वजह से परिवार गांव छोड़कर रुद्रपुर में रहने लगा था। गांव के घर में केवल जितेंद्र और उसकी पत्नी शिवानी रहते थे। आरोप है कि शिवानी आए दिन जितेंद्र से भी झगड़ा करती थी, जिससे परेशान होकर जितेंद्र एक सप्ताह पहले बिना बताए घर छोड़कर चला गया था। पिता की मौत की सूचना मिलने पर वह शुक्रवार को गांव लौटा।

परिजनों का आरोप है कि पिता की मौत के बाद भी शिवानी हंगामा कर रही है और कार्रवाई होने पर आत्महत्या करने की धमकी दे रही है। बताया गया कि गुरुवार दोपहर तक कुछ रिश्तेदार बिना कार्रवाई के अंतिम संस्कार कराने का प्रयास करते रहे, लेकिन मृतक के परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। समझौता न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शुक्रवार को हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर के लक्षण पाए गए हैं। हालांकि मौत का स्पष्ट कारण सामने न आने पर विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है।थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# भाजपा बैठक में बूथ सत्यापन कार्य की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** भाजपा ने ब्लॉक सभागार में बैठक आयोजित कर बूथ एवं शक्ति केंद्र संयोजक सत्यापन प्रक्रिया की समीक्षा की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश राजपूत ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ कार्यकर्ताओं को सक्रिय करते हुए सत्यापन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए।

साथ ही शक्ति केंद्र संयोजकों को जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत करने के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण, गन्ना समिति चेयरमैन तेजपाल फौजी, मंडल अध्यक्ष अजयवीर सिंह, यशवंत सिंह, सुधीर शर्मा, गुड्डू राजपूत, रोली सिंह, ओमपाल गंगवार, प्रमोद शर्मा, बेचे लाल मौर्य, विशाल गंगवार, भानूप्रताप फौजी एवं राजेश सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# आईजीआरएस में बरेली पुलिस का पंच, पांचवीं बार पूरे यूपी में पहला स्थान

**एसएसपी की सख्त मॉनिटरिंग और संवेदनशील कार्यशैली का दिखा असर, जिले के सभी 28 थानों ने हासिल किए 100 में 100 अंक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**( मो0 इरफान मुनीम )**

**बरेली।** अवाम की शिकायतों के समयबद्ध और बेहतर निस्तारण में बरेली पुलिस ने एक बार फिर पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत अप्रैल 2026 की जारी रैंकिंग में बरेली पुलिस ने लगातार पांचवीं बार प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह कामयाबी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की बेहतरीन निगरानी, सख्त कार्यशैली और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैये का नतीजा मानी जा रही है।

शासन स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की लगातार समीक्षा की जाती है। बरेली पुलिस ने हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए फौरन संज्ञान लिया, निष्पक्ष जांच कराई, फरियादियों से सीधा संवाद कायम रखा और तय वक्त के भीतर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की। इसी सक्रिय कार्यप्रणाली के चलते बरेली पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल रही।



इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह रही कि जिले के सभी 28 थानों ने भी आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में शत-प्रतिशत अंक हासिल करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। कोतवाली, प्रेमनगर, किला, कैंट, सीबीगंज, सुभाषनगर, बारादरी, इज्जतनगर, महिला थाना, मीरगंज, सिरौली, शाही, आंवला, विशारतगंज, भमौरा, अलीगंज, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, भुता, फतेहगंज पश्चिमी, भोजीपुरा, बहेड़ी, शीशगढ़, देवरनियां, शेरगढ़, नवाबगंज, हाफिजगंज और क्योलड़िया थानों ने 100 में 100 अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया।

अप्रैल माह में बरेली पुलिस ने आईजीआरएस के सभी मामलों का तय समय से पहले निस्तारण किया, जिसके चलते एक भी शिकायत लंबित नहीं रही। शासन स्तर से कुल 1154 फरियादियों से फीडबैक लिया गया, जिनमें से 1111 लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर संतुष्टि जताई। इस तरह बरेली पुलिस का संतुष्टि प्रतिशत 96.27 दर्ज किया गया। वहीं 1134 फरियादियों ने बताया कि संबंधित पुलिस अधिकारियों ने उनसे सीधे संपर्क किया, जिससे आवेदकों से संवाद का प्रतिशत 98.27 रहा। एसएसपी अनुराग आर्य की कार्यशैली को लेकर पुलिस महकमे में लगातार सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

**एसएसपी अनुराग आर्य की मॉनिटरिंग बनी कामयाबी की कुंजी**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा आईजीआरएस शिकायतों की लगातार समीक्षा की जाती रही। लंबित मामलों पर सीधे निगरानी रखने, अफसरों की जवाबदेही तय करने और फरियादियों से लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देशों का असर साफ दिखाई दिया। एसएसपी की इसी सक्रिय कार्यशैली के चलते बरेली पुलिस ने प्रदेश में लगातार पांचवीं बार पहला स्थान हासिल किया।

**फरियादियों का बढ़ा भरोसा, संतुष्टि प्रतिशत पहुंचा 96.27**

आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के बेहतर निस्तारण के चलते लोगों का भरोसा बरेली पुलिस पर लगातार मजबूत हुआ है। शासन स्तर से लिए गए फीडबैक में 1111 फरियादियों ने पुलिस कार्रवाई पर संतुष्टि जताई, जबकि अधिकांश लोगों ने संबंधित अधिकारियों द्वारा सीधे संपर्क किए जाने की पुष्टि की। इससे साफ है कि बरेली पुलिस शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

उनकी सख्त निगरानी, जवाबदेही तय करने की नीति और शिकायतों के फौरन निस्तारण पर खास फोकस के चलते पुलिस व्यवस्था में काफी सुधार आया है। अफसरों और कर्मचारियों को नियमित दिशा-निर्देश देने के साथ ही फरियादियों की संतुष्टि को सबसे ज्यादा अहमियत देना उनकी कार्यप्रणाली की बड़ी खासियत मानी जा रही है। यही वजह है कि बरेली पुलिस लगातार पांचवीं बार प्रदेश में नंबर-1 बनने में कामयाब रही।

# मीरगंज विधायक का भतीजा हॉस्टल से लापता, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा का भतीजा अंकित वर्मा गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले में भोजीपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं कॉल डिटेल के आधार पर जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार विधायक डॉ. डीसी वर्मा के भाई रामप्रकाश वर्मा पीलीभीत जिले के बीसलपुर क्षेत्र के गांव अमखिरिया निवासी हैं। उनका 24 वर्षीय पुत्र अंकित वर्मा भोजीपुरा स्थित श्रीराममूर्ति कॉलेज में एमफार्मा



फाइनल ईयर का छात्र है और कॉलेज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।बताया जाता है कि गुरुवार शाम करीब छह बजे अंकित अपना मोबाइल हॉस्टल के कमरे में छोड़कर बाहर चला गया। रास्ते में मिले कुछ छात्रों से उसने मंदिर जाने की बात कही थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। खाने के समय तक उसके हॉस्टल न पहुंचने पर वार्डन ने परिजनों को सूचना दी, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया।सूचना मिलने पर विधायक डॉ. डीसी वर्मा एवं परिजन कॉलेज पहुंचे और खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद भी अंकित का कोई सुराग नहीं मिलने पर शुक्रवार सुबह भोजीपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

भोजीपुरा इंस्पेक्टर राजीव चौधरी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज में अंकित लोअर पहने अकेले हाईवे की ओर जाता दिखाई दिया है। इसके आगे के कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जांची जा रही है। पुलिस अंकित के फोन की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि हॉस्टल से निकलने से पहले उसकी किन लोगों से बातचीत हुई थी।

अंकित के अचानक लापता होने से परिजन बेहद परेशान हैं। विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बताया कि अंकित सीसीटीवी कैमरों में हॉस्टल से हाईवे की ओर अकेले जाता दिखाई दिया है। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# नकली नोट चलाने को लेकर मारपीट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शीशगढ़।** दुकान पर नकली नोट चलाने को लेकर विवाद में हुई मारपीट व महिलाओं के कपड़े फाड़ने के आरोप में पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ प्रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बूंची गोंटिया निवासी पीड़िता सिम्मी ने पुलिस को बताया कि उनकी गांव में ही परचून की दुकान है। उनकी दुकान पर एक बच्चा दस का नकली नोट लेकर आया था।जिससे उसके भाई ने बच्चे को समझाया कि यह नोट नकली है।यह सुनकर बच्चा चला गया।आरोप है कि तभी उसका पिता राजू आया और आते ही मारपीट शुरू कर दी।साथ ही उसके परिवार के अन्य लोग डन्डे लेकर आ गए और मारपीट करने लगे जिससे उसके भाई के सर में गुम चोट लगी है शोर सुनकर जब हम लोग बचाने के लिए पहुंचे तो उन लोगों ने हमे भी नहीं छोड़ा । कि उन सभी लोगों ने मेरे व मेरी माता व बहिन के कपड़े भी फाड़ दिए । पीड़िता ने बताया कि उसके पिता कमजोर हैं,आरोपियों ने उन्हें भी बख्शा। आरोप है कि उन सभी लोगों ने उन्हें डंडो व चप्पलों से काफी पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने राजू,संजीव,झुन्डा, क्षत्रपाल,चन्द्रपाल,शनि प्रधान व उनका लड़का,अतर सिंह,मोर सिंह,नन्हें, कलावती,राजरानी सहित 13 लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

# सुंदरी मंडल में भाजपा ने मंडल कमेटी का सत्यापन व बूथ कमेटी का सत्यापन व शक्ति केंद्र कमेटी का सत्यापन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलडिया।** भदपुरा ब्लॉक के गांव मुड़िया चौधरी स्थित पंचायत घर में शुक्रवार को सुंदरी मंडल की मंडल से लेकर बूथ कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीजेपी ने शक्ति केंद्र कमेटी का सत्यापन किया।



बैठक के मुख्य अतिथि बीजेपी के जिला महामंत्री वीरपाल गंगवार और क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य रहे। इस दौरान सुंदरी मंडल के भाजपा पदाधिकारियों और शक्ति केंद्र कमेटी का सत्यापन किया गया।

सभी बूथ अध्यक्षों को पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सुंदरी मंडल अध्यक्ष जयदीप सिंह, मंडल महामंत्री वेदपाल कनौजिया, प्रधान रमेश चंद्र कनौजिया, पार्टी के सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष और अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** विकासखंड भदपुरा के पंचायत सहायकों ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर जनगणना स्व-गणना कार्य में लगाए जाने पर उचित मानदेय देने की मांग की। पंचायत सहायकों का कहना है कि अन्य कर्मचारियों की इस कार्य में ड्यूटी लगाकर उन्हें 25 हजार रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है, जबकि पंचायत सहायकों से बिना अतिरिक्त मानदेय के कार्य कराया जा रहा है ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा कि यदि वे इस कार्य को करने के लिए पूर्ण रूप से योग्य और सक्षम हैं तो उनकी भी विधिवत सरकारी ड्यूटी लगाई जाए तथा अन्य कर्मचारियों की तरह उचित मानदेय प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया कि पंचायत सहायक ग्राम स्तर पर लगातार सरकारी योजनाओं, सर्वे और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं पंचायत सहायकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी सरकारी ड्यूटी नहीं लगाई जाती है तो उन्हें इस कार्य का लक्ष्य भी न दिया जाए। इस दौरान पंचायत सहायक मोहम्मद शोएब, लवली गंगवार, आकांक्षा, अनु, अमित कुमार, बलराम सिंह, सुमित भारती, हिना, प्रतीक्षा पटेल, वर्षा गंगवार, छाया गंगवार, कपिल कुमार, सौरव गंगवार, काजल पटेल, पंकज कुमार और सोमपाल गंगवार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पुत्र पर उबलती सब्जी डाल प्रेमी संग फरार हुई महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेटे ने मां को दूसरे युवक के साथ देखा तो भड़की, उबलती सब्जी फेंकने का आरोप**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक मजदूर ने अपनी पत्नी पर बेटे को झुलसाने और दूसरे समुदाय के युवक के साथ फरार होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़ित के मुताबिक उसका पुत्र 25 अप्रैल को गैस से लगी आग में झुलस गया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर बाद में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी बीच 1 मई को उसकी पत्नी अचानक घर से गायब हो गई। जब वह काम से घर लौटा और पत्नी के बारे में पूछा तो परिजनों ने बताया कि वह अस्पताल गई है।

पीड़ित के छोटे बेटे ने पिता को बताया कि उसने अपनी मां को एक दूसरे समुदाय के युवक के साथ कमरे में देखा था। बेटे का आरोप है कि जब उसने इस बात की जानकारी पिता को देने की बात कही तो मां गुस्से में आ गई, और उसके ऊपर उबलती हुई सब्जी फेंक दी। इसके बाद वह युवक के साथ फरार हो गई।

आरोप है कि पत्नी की तलाश करते हुए जब पति आरोपी युवक के नगर स्थित घर पहुंचा तो वहां उसके साथ अभद्रता की गई। पीड़ित का कहना है कि उसे गंदी गालियां दी गईं और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक और पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूली बच्चे की मौत के बाद जागा प्रशासन, स्कूलों के पास कुओं का होगा सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**एसडीएम, डीआईओएस और बीएसए को दिए निर्देश, लोहे के जाल से ढके जाएंगे खुले कुएं**

**देवरनियां।** भुता क्षेत्र में स्कूल के एक छात्र की कुएं में गिरकर मौत होने की घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। प्रशासन ने जिले भर के स्कूलों के आसपास स्थित खुले कुओं का सर्वे कर उन्हें सुरक्षित ढंग से ढकने के निर्देश जारी किए हैं।

प्रभारी जिलाधिकारी की ओर से सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जारी आदेश में कहा गया है कि गुरुवार को फरीदपुर तहसील के ग्राम अदीनापुर स्थित एक स्कूल के पास कुएं में गिरने से सात वर्षीय छात्र की मौत हो गई थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में कहा गया है कि सभी सरकारी और निजी विद्यालयों का अधीनस्थ कर्मचारियों से सर्वे कराया जाए तथा स्कूलों के आसपास मौजूद खुले कुओं को लोहे के जाल से कवर कराया जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

निर्देश मिलने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाकर कार्य पूरा कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# किशनगंज पहुंचकर मौलाना तौसीफ के परिवार को पांच लाख की मदद देंगे फरमान हसन खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली शरीफ से एक बार फिर इंसानियत, मोहब्बत और उलेमा से अकीदत का पैगाम निकलने जा रहा है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान फरमान मियां 10 मई 2026 को बिहार के किशनगंज पहुंचकर मरहूम आलिम-ए-दीन मौलाना तौसीफ रजा मजहरी के परिवार से मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक फरमान हसन खान फरमान मियां, काइद-ए-मिल्लत काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खान के आदेश पर किशनगंज जाएंगे। वह मरहूम मौलाना तौसीफ रजा मजहरी के घर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात करेंगे और उन्हें ढांढस बंधाएंगे। इस दौरान काइद-ए-मिल्लत की जानिब से मरहूम की बेवा को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी सौंपी जाएगी। फरमान हसन खान फरमान मियां ने कहा कि यह मदद सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि अहले सुन्नत की एकजुटता, मोहब्बत और उलेमा के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उलेमा समाज की रूहानी रहनुमाई करते हैं, इसलिए उनके परिवारों का सहारा बनना पूरी कौम की जिम्मेदारी है। मरकज-ए-अहलेसुन्नत बरेली शरीफ के मुताबिक मौलाना तौसीफ रजा मजहरी की असमय मौत से पूरे समुदाय में गम का माहौल है। ऐसे वक्त में फरमान हसन खान फरमान मियां का परिवार से मिलना और आर्थिक मदद पहुंचाना समुदाय में भाईचारे और हौसले का मजबूत संदेश माना जा रहा है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि फरमान मियां के इस दौरे से पीड़ित परिवार को तसल्ली मिलेगी और अहले सुन्नत में यकजहती का पैगाम और मजबूत होगा।

# पिता ने 13 साल के इकलौते बेटे की हत्या की, लाश तालाब में फेंकी

■ पकड़ा गया तो खुद गले में चाकू मारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पिता ने अपने 13 साल के इकलौते बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घर से दूर सड़क किनारे तालाब में फेंक दिया। घर आकर झूठी कहानी गढ़ दी कि बेटा लापता हो गया है।

पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो बेटा आखिरी बार पिता के साथ ही दिखा। पुलिस ने सख्ती की तो बताया कि बेटा उसके एक दोस्त के पास है। चलकर बरामद कर लेगां। कुछ देर बाद सूचना मिली कि बच्चे का शव तालाब में मिला है। पुलिस ने सख्ती की पिता ने हत्या की बात कबूली। इस दौरान





उसने चाकू से खुद के गले पर वार करके सुसाइड करने की भी कोशिश की। लोगों ने चाकू छीनकर उसे रोका। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि संपत्ति विवाद में परिवार वालों को फंसाने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया। मामला बुधवार को कासना थाना क्षेत्र के सिरसा गांव का है।

**सुधांशु के साथ कार से बाहर गया पिता, वापस अकेला लौटा:** पुलिस के मुताबिक, कासना के सिरसा गांव की 6 परसेंट कॉलोनी में आरोपी प्रदीप उर्फ पप्पी अपने परिवार के साथ रहता है। उसका 13 साल का इकलौता बेटा सुधांशु 8वीं में पढ़ता था। बुधवार को प्रदीप सुधांशु के साथ अपनी कार से बाहर गया। वापस अकेला लौटा। परिवार वालों ने पूछा तो बताया कि सुधांशु कहीं चला गया है। रात तक सुधांशु वापस नहीं आया तो परिवार वालों को चिंता हुई। प्रदीप तब परिवार को अलग-अलग कहानियां सुनाता रहा।

**चाचा ने भतीजे के लापता होने की शिकायत पुलिस से की:** इस बीच प्रदीप के भाई ने भतीजे के गुमशुदा होने की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी। पुलिस ने घर और आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो आखिरी बार सुधांशु अपने पिता के साथ जाता दिखा। पुलिस पूछताछ में प्रदीप बार-बार बयान बदल रहा था। कभी कहता कि बेटे को दोस्त के घर पर छोड़ा था तो कभी रिश्तेदार के घर पर होने की बात कहता। उसने बताया कि बेटे को गुलिस्तानपुर गांव में एक परिचित के पास छोड़ा है, लेकिन जांच में यह बात भी झूठ निकली।

**आसपास के लोगों ने तालाब में लाश देखी:** इस बीच मोहल्ले के कुछ लोगों को पास के तालाब में एक लाश उतराती दिखी। पुलिस तक बात पहुंची तो लाश बाहर निकाली गई। परिवार वालों ने लाश देखी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सख्ती से पूछताछ करने पर प्रदीप ने बताया कि मैंने पहले बेटे का गला दबाकर हत्या की। फिर शव को तालाब में फेंक दिया, ताकि मामला अपहरण या हत्या का लगे। मैं अपने भाइयों से जमीन विवाद का बदला लेना चाहता था। उन्हें फंसाने के लिए बेटे की हत्या कर दी। प्रदीप के परिवार में उसके बड़े भाई संदीप, छोटे भाई मोहित और रोहित हैं। प्रदीप की एक बेटी निधिका है, सुधांशु छोटा था। सभी एक ही घर में रहते हैं।

**रोड किनारे की 2 बीघा जमीन पर विवाद:** परिवार के मुताबिक, चारों भाईयों में जमीन का बंटवारा हो चुका है। करीब 2 बीघा जमीन पर रोड किनारे है। उस पर बनी दुकानों का अच्छा-खासा किराया आता है। जबकि पीछे बनी दुकानों का किराया कम है। उसी जमीन को लेकर विवाद है। प्रदीप रोड के तरफ वाली जमीन लेना चाहता था। प्रदीप के मन में आशंका थी कि सभी भाई उस जमीन को हड़प लेंगे। उसे कुछ नहीं मिलेगा।

प्रदीप कुछ करता भी नहीं था। नशे का आदी था। शराब, गांजा पीता था। उसका खर्चा दुकानों के किराए से चलता था। जमीन का कुछ मुआवजा भी मिला था। उसी से घर बनवाया था। कार खरीदी थी। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन प्रदीप भाइयों की शिकायत भी तहसील और अफसरों से करता रहता था।

**भाइयों को फंसाने के लिए बेटे को मार डाला:** पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी प्रदीप का अपने परिवार के कुछ सदस्यों से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में उसने खौफनाक साजिश रची और अपने ही बेटे को मौत के घाट उतार दिया।

## निवासियों ने मंत्री से की कब्जे की शिकायत

**नोएडा।** डेल्टा-1 निवासियों ने सेक्टर के गेट नंबर-4 पर बनी ग्रीन बेल्ट को काटकर कब्जे का आरोप लगाया है। निवासियों ने लखनऊ पहुंचकर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता से मामले में कार्रवाई की मांग की है। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के पूर्व महासचिव दीपक कुमार भाटी ने बताया कि बिल्डर बची हुई ग्रीन बेल्ट की दीवार को गिराकर कब्जे के लिए प्रयासरत है। मामले में सेक्टर की आरडब्ल्यूए ने फेडरेशन के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया था। उसके बाद प्राधिकरण के अधिकारियों से मिलकर शिकायत की,लेकिन कुछ नहीं हुआ। अध्यक्ष प्रमोद भाटी ने बताया कि ग्रीन बेल्ट के अवैध कब्जे को हटाकर नियमानुसार बाउंड्री वाल की बात रखी गई।

# इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो लाशें मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माणाधीन हॉस्टल के कमरे में दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों शव खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़े थे। पुलिस के अनुसार, दोनों के सिर पर चोट के निशान हैं। आशंका जताई जा रही है कि उन पर किसी भारी वस्तु से हमला किया गया।

शुक्रवार को हुई यह वारदात नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान मेरठ निवासी शिशपाल (25) और इन्द्रपाल (50) के रूप में हुई है। डीसीपी प्रवीण रंजन ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। हालांकि, हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस को कमरे से खून से सना फावड़ा और



सरिया भी बरामद हुआ है। ग्रेटर नोएडा के सीताराम इंस्टीट्यूट नामक इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास हॉस्टल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब दो साल से निर्माण जारी है और वहां 30 से अधिक मजदूर काम करते हैं। इनमें से अधिकांश मजदूर निर्माणाधीन हॉस्टल के कमरों में ही रात बिताते हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने दो दिन पहले मेरठ से कुछ मजदूरों को काम के लिए बुलाया था। इनमें अब्दुल्लापुर निवासी इंद्रपाल और इचौली निवासी शीशपाल और उनका एक साथी भी शामिल थे।तीनों मजदूर काम करने के बाद हॉस्टल के एक ही कमरे में रह रहे थे।

साथी मजदूरों के अनुसार, गुरुवार रात को भी तीनों साथ थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे जब मजदूर काम पर जाने लगे, तब एक मजदूर ने कमरे में झांककर देखा। अंदर खून से लथपथ दो शव पड़े थे। पास में फावड़ा और सरिया भी पड़ा था। दो शव मिलने से कैंपस में हड़कंप मच गया। मजदूरों ने इसकी सूचना ठेकेदार को दी, जिसके बाद डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या की **वजह सामने नहीं आई, हत्यारोपी की पहचान हुई:** डीसीपी प्रवीण रंजन सिंह ने बताया-श्सीताराम इंस्टिट्यूट का कैंपस से थोड़ी दूर पर एक हॉस्टल बन रहा है। इस हॉस्टल में कुछ मजदूर रहते हैं। इसमें से तीन मजदूर परसों मेरठ से उनके ठेकेदार ने बुलाया था। दो की लाश कमरे में शुक्रवार सुबह मिली है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन सब में आपस में कोई झगड़ा हुआ और किसी ब्लंड ऑब्जेक्ट से सर पर चोट करके हत्या की गई है। हत्यारे की पहचान हो गई है। गिरफ्तारी के लिए हमारी टीम प्रयास कर रही है।

**शराब के नशे में हत्या का अंदेशा:** पुलिस के अनुसार, काम करने वाले मजदूरों ने गुरुवार शाम को इंद्रपाल, शीशपाल सहित तीनों मजदूरों को एक साथ ही देखा था। अंदेशा है कि तीनों ने रात में शराब पी हो। उसके बाद आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ होगा। जिसके बाद साथी ने दोनों की हत्या कर दी हो।

## एक नजर

### जिले में लोक अदालत आज लगेगी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला न्यायालय और तहसील न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। इनमें विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली-पानी से संबधित वादों का सुलह के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा।

### मधु उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में तैनात महिला आरक्षी मधु सिंह उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। मधु ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप, चौथे नेशनल चैंपियनशिप कटक, तीसरी सीनियर नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप, दूसरी वूमेन्स लीग ताइक्वांडो चौंपियनशिप समेत कई प्रतियोगिताओं में पदक जीते। इस मौके पर सीपी लक्ष्मी सिंह ने मधु के उज्ज्वल भविष्य की की कामना की।

### सेक्टर-42 के पास युवक का शव मिला

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-42 के पास पुलिस को गुरुवार की रात 35 वर्षीय युवक का शव लहुलुहान अवस्था में मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत सड़क हादसे में हुई। वहीं, कुछ लोग इसे हत्या का मामला मान रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। पुलिस हादसा और हत्या दोनों पहलू पर मामले की जांच कर रही है।

### एयरपोर्ट तक पांच हाईड्रोजन बसें चलाने की तैयारी

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पांच हाईड्रोजन बसें चलाने की तैयारी है। यूपी रोडवेज ने एक जून से बसों के संचालन के लिए सहमति जताई है। यह बसें एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा के परी चौक, नोएडा के बॉटनिकल गार्डन, सिटी सेंटर, दिल्ली के मयूर विहार और अक्षरधाम तक चलेंगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट तक पांच हाइड्रोजन बसें चलाने की तैयारी है। इसे लेकर शुक्रवार को एआरएम एमके सिंह और अन्य अफसरों के साथ बैठक हुई। बैठक में बसों के रूट समेत अन्य प्रस्तावों पर मंथन किया गया। बैठक के दौरान यूपी रोडवेज ने हाईड्रोजन बसों के संचालन को लेकर अपनी सहमति जताई। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) यह बसें उपलब्ध कराएगा। एक बस में करीब 45 सीटें होंगी। ये बसें एक बार हाईड्रोजन भरने पर करीब 600 किलोमीटर तक चलेंगी। इनमें से सिर्फ पानी की भाप निकलेगी।

### उल्टी दिशा से आए वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 में उल्टी दिशा से आए वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-5 की जेजे कॉलोनी निवासी आकाश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पिता नीरज कुमार 29 अप्रैल की सुबह करीब आठ बजे बैंक से गाजियाबाद जा रहे थे। सेक्टर-63 के एच ब्लॉक में उल्टी दिशा से आए वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वहां से वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक को खोज रही है। वहीं, बहलोलपुर फ्लाईओवर पर बुधवार सुबह 25 वर्षीय युवक सड़क पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नोएडा में जमीन खरीदना हुआ महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में प्रॉपर्टी खरीदना अब महंगा हो गया है। इसमें आवासीय, संस्थागत और औद्योगिक भूखंडों में करीब 11 फीसद की बढ़ोतरी कर दी गई है। पिछले साल संपत्तियों में 5 फीसद की बढ़ोतरी की गई थी।

इस बार की बढ़ोतरी सबसे ज्यादा है। प्राधिकरण का कहना है ई-ऑक्शन में भूखंड की लगातार बढ़ती बोली को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। प्राधिकरण जिन प्रॉपर्टी की दरों में बढ़ोतरी की है। उनमे आवासीय, संस्थागत, औद्योगिक भूखंड है। अब प्राधिकरण में जमीन का आवंटन नई दरों के हिसाब से किया जाएगा। औद्योगिक संपत्तियों में भी 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। फेज-1 में चार हजार वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंड का आवंटन रेट 55880 रुपये प्रति वर्ग मीटर से होगा। फेज-2 में 60 हजार वर्ग मीटर से बड़े भूखंड का शुल्क 20 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। वहीं आवासीय सेक्टर में ईडब्ल्यूएस और श्रमिक कुंज के भवनों पर 10140 रुपए प्रतिवर्गमीटर की दर ही रहेगी।

**व्यावसायिक संपत्तियों के दाम नहीं बढ़ाए:** प्राधिकरण ने बताया कि व्यवसायिक संपत्तियों की दरों में इजाफा नहीं किया गया है। देखा गया है कि व्यवसायिक संपत्तियों को खरीदने में अब भी लोग नहीं आ रहे है। इसलिए अभी आवासीय, संस्थागत, औद्योगिक भूखंड में ही बढ़ोतरी की गई है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को 130 मीटर चौड़ी रोड पर डी पार्क के समीप दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में स्प्लेंडर बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि बुलेट बाइक पर सवार युवक को हल्की चोटें आईं। पुलिस ने इस मामले में बुलेट बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दादरी कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ गांव के रहने वाले प्रवीण ने पुलिस से शिकायत की कि उसका भाई धीरज बुधवार को किसी काम से ग्रेटर नोएडा वेस्ट गया था। धीरज शाम के समय वहां से वापस घर लौट रहा था। 130 मीटर चौड़ी रोड पर डी पार्क के समीप एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# मरीज को भर्ती करने का फैसला चिकित्सक करेंगे, बीमा कंपनी नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इलाज के लिए मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत है या नहीं, इसका फैसला चिकित्सक करेंगे, बीमा कंपनी नहीं। भर्ती नहीं करने की जरूरत बताकर बीमा कंपनी क्लेम देने से इंकार नहीं कर सकती है। जिला उपभोक्ता आयोग ने एक मामले में यह फैसला सुनाकर इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को इलाज का खर्च ब्याज सहित 30 दिनों में भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की।

बुलंदशहर निवासी अजय कुमार ने हेल्थ पॉलिसी ली थी, जो 12 दिसंबर, 2023 तक वैध थी। 30 अक्तूबर, 2023 को तेज बुखार और उल्टी-पेशाब करने में तकलीफ होने पर उनको कैलाश अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद अस्पताल ने 56 हजार रुपये के अनुमानित खर्च के साथ अप्रूवल रिक्वेट भेजी, जिसे कंपनी ने अस्वीकृति कर दिया। अस्पताल ने पुनः विचार करने के लिए फिर रिक्वेस्ट भेजी, लेकिन कंपनी ने क्लेम देने से इंकार कर दिया। इसके बाद मरीज को भुगतान करना पडा। कंपनी की सेवा से असंतुष्ट होकर पीड़ित ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया।

सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने कहा कि मरीज को ऐसी बीमारी के लिए भर्ती किया गया था, जिसका इलाज ओपीडी में भी किया जा सकता था। अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं थी। इसलिए कैशलेस सुविधा देने से इन्कार कर दिया। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह क्लेम के 62930 रुपये छह फीसदी ब्याज समेत 30 दिनों में भुगतान करे। दो हजार रुपये वाद व्यय और दो हजार रुपये मानसिक संताप के भी देने होंगे।

# नोएडा में वाटर लेवल सुधारने के लिए बनेंगे रिचार्ज पिट

■ 20 मई तक बिड जमा करना होगा, 21 मई को टेंडर खोले जाएंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण शहर के ग्रीन बेल्ट और पार्कों में भूजल स्तर सुधारने के लिए अब बेंगलुरु मॉडल अपनाने जा रहा है। इसके तहत शहर के 10 अलग-अलग स्थानों पर रिचार्ज पिट बनाए जाएंगे।

प्राधिकरण ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक कंपनियां 20 मई तक अपनी बिड जमा कर सकेंगी, जबकि 21 मई को टेंडर खोले जाएंगे। प्राधिकरण का उद्देश्य बारिश के पानी को सीधे जमीन के अंदर पहुंचाकर



भूजल स्तर बढ़ाना और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। प्राधिकरण का मानना है कि यदि यह योजना सफल रही तो आने वाले समय में शहर के अन्य सेक्टरों और पार्कों में भी रिचार्ज पिट बनाए जाएंगे।

**क्या होता है रिचार्ज पिट:** रिचार्ज पिट एक विशेष प्रकार का गड्ढा या संरचना होती है, जिसमें बारिश का पानी जमा होकर धीरे-धीरे जमीन के अंदर पहुंचता है। इससे भूजल रिचार्ज होता है और पानी की बर्बादी रुकती है। इसकी माप 12 फीट ञ4 फीट एक समय में 4,270 लीटर पानी संग्रहित कर सकता है। सालाना लगभग 1.28 लाख लीटर पानी जमीन में रिसा सकता है।

**कैसे काम करता है:** बारिश का पानी पाइप या नालियों के जरिए पिट तक पहुंचाया जाता है। पिट में मौजूद फिल्टर सामग्री पानी को साफ करती है। इसके बाद पानी धीरे-धीरे जमीन में रिसता है। इससे भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलती है। दरअसल, नोएडा में लगातार गिरते भूजल स्तर को लेकर चिंता बनी हुई है। कई सेक्टरों में भूजल काफी नीचे पहुंच चुका है। ऐसे में रिचार्ज पिट वर्षा जल संरक्षण का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है।

## 130 मीटर रोड पर तिलपता के पास बनेगा यूटर्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाने पर 130 मीटर रोड पर तिलपता गोलचक्कर से पहले एक यूटर्न बनाया जाएगा। इस कार्य में लगभग 3 महीने लगेंगेघ्यूटर्न बनने से तिलपता चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या हल हो जाएगी। इसके साथ ही 38 अन्य कार्यों के लिए भी ग्रेनो प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं। इन पर करीब 43 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में सिविल, बिजली, उद्यान, जल-सीवर व्यवस्था दुरुस्त करने पर तेजी से कार्य कराए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने 39 विकास कार्यों के लिए 43 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए हैं। इनमें हल्दौनी के श्मशान घाट के पहुंच मार्ग रोड, चबूतरा व कमरे का निर्माण, सेक्टर पी-3 बिल्डर्स एरिया में शॉपिंग कांप्लेक्स का नवीनीकरण, बादलपुर में नाली कवर करने और सीसी रोड की मरम्मत, नॉलेज पार्क एक में आंतरिक सड़कों की रिसर्फेसिंग, रोजा जलालपुर श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल, शेड, चबूतरा और प्रतीक्षा कक्ष का निर्माण, सेक्टर पी-3 बिल्डर्स एरिया में 24 मीटर चौड़ी सड़क के दोनों तरफ ग्रास पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, थपाखेड़ा में अवशेष विकास कार्य, सूरजपुर में किसान आबादी भूखंडों में सड़क के रिसर्फेसिंग, नालियों की सफाई व मरम्मत, रोजा जलालपुर में पीडब्ल्यूडी सड़क के साथ ही आरसीसी नाली का निर्माण।

## सीबीआई ने बिल्डर कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि एजेंसी ने शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। बिल्डर-बैंक सांठगांठ मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही जांच में यह सीबीआई की छठी चार्जशीट है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपपत्र में सीबीआई ने आरोप लगाया कि आरोपी कंपनी और उसके निदेशकों ने भोले-भाले घर खरीदारों को झूठे आश्वासनों, गुमराह करने वाले बयानों और फर्जी वादों के जरिए अपने नोएडा प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उसने बेईमानी से वित्तीय लाभ हासिल किया और पीड़ितों को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाया।

सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि आईपीसी की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और उकसावे के अपराध से जुड़ी प्रासंगिक धाराओं के तहत सक्षम न्यायालय के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया है।सीबीआई शीर्ष अदालत के निर्देश पर देशभर की विभिन्न बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ घर खरीदारों के धन की कथित धोखाधड़ी और हेराफेरी से संबंधित मामलों में दर्ज 50 प्राथमिकी की जांच कर रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीज की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 63 स्थित चोटपुर कॉलोनी स्थित नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के लिए आए मरीज की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। सेक्टर-63 थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मूलरूप से हरियाणा के जिला पलवल के रहने वाले 47 वर्षीय विजय सिंह को चोटपुर कॉलोनी स्थित नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। मंगलवार की रात उनको गंभीर हालत में उपचार के लिए फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।


# पांच करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए बेटी को मारा डाला

### नोएडा में मां ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप, शादी के तीन माह बाद युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शादी के 3 महीने बाद युवती की मौत हो गई। मायके वालों का कहना है कि बेटी मोनिका के नाम करोड़ों की प्रॉपर्टी थी। ससुराल प्रॉपर्टी अपने नाम कराने के लिए दबाव बना रहे थे।

शादी के बाद से ही मोनिका को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। कई बार उसने मायके वालों को प्रताड़ना की जानकारी भी दी थी। आरोप है कि प्रॉपर्टी के लिए ही ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। घटना बुधवार शाम घोड़ी गांव में हुई। बरौला की रहने वाली रेनू नागर की बेटी मोनिका (20) की शादी घोड़ी बछेड़ा के रहने वाले



अनुज चौहान के साथ हुई थी। मोनिका के पिता महाराज सिंह नगर किसान थी, जिनकी कुछ साल पहले मौत हो गई।

रेनू नागर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि- अनुज ने बेटी को प्यार में फंसाया। इसके बाद दोनों ने 3 महीने पहले कोर्ट मैरिज कर ली। मेरी बेटी के नाम दुजाना और बरौला गांव 5 करोड़ की प्रॉपर्टी है। अनुज चौहान और उसके पिता हरेंद्र फाइनेंस का काम करते हैं। अनुज चौहान और उसके परिवार वाले बेटी पर प्रॉपर्टी अपने नाम कराने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते थे।

**घटना से पहले मोनिका ने मां को किया था फोन:** रेनू नगर ने बताया कि बुधवार 6 मई की दोपहर मोनिका ने मुझे फोन किया। बताया कि उसका पति अनुज चौहान, ससुर हरेंद्र, देवर, चाचा-चाची और अन्य लोग उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे हैं। मोनिका का फोन आने के बाद मैंने अपनी बड़ी बेटी खुशी और भांजे विवेक चौधरी को घोड़ी बछेड़ा गांव भेजा। जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अनुज चौहान, उसका पिता हरेंद्र, भाई मोहित, कन्नू गैस वाला और अन्य लोग मोनिका को फॉर्च्यूनर गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे। परिवार का कहना है कि आरोपियों ने मोनिका को एक प्लॉट की तरफ ले जाकर बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई।

**दहेज नहीं दिया गया था:** परिजनों ने बताया कि दोनों ने प्रेम विवाह और कोर्ट मैरिज की थी, इसलिए शादी में दहेज नहीं दिया गया था। हालांकि मोनिका के नाम करोड़ों की संपत्ति होने के कारण ससुराल पक्ष लगातार उस पर दबाव बना रहा था। वहीं, इस मामले में दादरी थाना पुलिस का कहना है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# तेंदुए के हमले में पांच ग्रामीण घायल, ग्रामीणों में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गजरौला कलां क्षेत्र के ग्राम दियूरा में शुक्रवार सुबह का समय अचानक दहशत में बदल गया, जब गांव के समीप गन्ने के खेत में छिपे एक तेंदुए ने किसानों पर हमला कर दिया। इस हमले से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और खेत पर मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तेंदुए के हमले में पांच ग्रामीणों को पंजे लगे हैं। जिनमें अंकित पुत्र कृष्णपाल (25 वर्ष), धर्मपाल पुत्र पूरनलाल (48 वर्ष), ख्याली राम पुत्र सेवाराम (45 वर्ष), गुरलाल पुत्र गुरमुख (30 वर्ष) और सोनू उर्फ धर्मेंद्र पुत्र कड़े राम (28 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायल ग्राम दियूरा के निवासी हैं, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ गांव के किनारे स्थित गन्ने के खेत में छिपा बैठा था। खेतों में काम करने और पशुओं के लिए चारा लेने पहुंचे ग्रामीण जैसे ही उसके नजदीक पहुंचे, तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में भय का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस और सामाजिक वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन कर्मियों ने तेंदुए को रेस्क्यू कर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि तेंदुआ भी घायल अवस्था में था, संभवतः भटककर जंगल से आबादी क्षेत्र में पहुंच गया था। वन विभाग ने उसे उपचार के लिए अपने संरक्षण में ले लिया है।

# घर में घुसकर तेंदुए ने बकरी को बनाया निवाला, दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** टाइगर रिजर्व से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बीसलपुर के बिलसंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जगतपुर का है, जहां बीती रात एक तेंदुए ने गांव में घुसकर भारी उत्पाद मचाया। तेंदुए ने एक घर के बाड़े से बकरी को उठा लिया, जिससे पूरे इलाके में सन्नाटा और डर का माहौल व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, जगतपुर निवासी अमरजीत सिंह की बकरी को तेंदुआ रात के अंधेरे में उनके घर से उठा ले गया। घटना का खुलासा शुक्रवार सुबह तब हुआ जब अमरजीत बकरियों को चारा डालने बाड़े में पहुंचे। वहां अपनी एक बकरी को गायब देख उनके होश उड़ गए। बाड़े की जमीन पर खून के धब्बे और जंगली जानवर के पदचिह्न स्पष्ट दिखाई दे रहे थे, जिससे गांव में शोर मच गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर पदचिह्नों का पीछा किया, तो घर से करीब 200-250 मीटर दूर जंगल के किनारे बकरी का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। तेंदुए ने बकरी की गर्दन काटकर उसे अलग कर दिया था। बताया जा रहा है कि जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो तेंदुआ वहीं मौजूद था, जो लोगों का शोर सुनकर घने जंगल की ओर भाग निकला।

### वन विभाग ने लिया संज्ञान, मुआवजे का भरोसा

इस गंभीर मामले पर सामाजिक वानिकी के डीएफओ भरत कुमार ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की एक टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया है। टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटा रही है। डीएफओ ने आश्वासन दिया है कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है और नियमानुसार पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

तेंदुए की गांव में सक्रियता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही वे घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और आदमखोर होते तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की पुरजोर मांग की है।

# कार्ड धारकों को अब 14 मई तक राशन वितरण होगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** राशन कार्ड धारकों को क्षेत्र में निर्धारित तिथि पर राशन वितरण नहीं हो पाने के कारण प्रशासन द्वारा राशन वितरण की तिथि आगे बढ़ाकर 14 मई कर दी गई है। पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि तकनीकी समस्या एवं अन्य कारणों से कई उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल सका। अब नए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपभोक्ताओं को आगामी तिथियों में राशन वितरित किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और नई तिथि के अनुसार उचित दर की दुकानों पर पहुंचकर अपना राशन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

# पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार पश्चिम बंगाल में नवगठित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शुक्रवार को कोलकाता रवाना हो गए।

बताया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव द्वारा भेजे गए आमंत्रण के बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां से वह फ्लाइट द्वारा कोलकाता पहुंचेंगे। शनिवार 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में वह शामिल होंगे। समारोह में भाजपा के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर देशभर के कई प्रमुख राजनीतिक नेता एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई सरकार राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए कार्य करेगी। उन्होंने नव निर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

# परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा उप संभागीय परिवहन कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश,श्री आशुतोष निरंजन(आई.ए.एस) द्वारा आज उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं का निरीक्षण किया गया,परिवहन आयुक्त द्वारा सभी पटलो के कार्यों को चेक किया गया, पाटल लिपिक द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई,



कार्य की पेंडेंसी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली गई, निर्देशित किया गया कि पेंडेंसी को समय से निस्तारित करें,कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया, साथ ही रिकॉर्ड रूम एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का भी निरीक्षण किया गया,कार्यालय में रिनोवेशन का कार्य कार्यदाई संस्था के द्वारा किया जा रहा है हिदायत दी गई की कार्य पूर्ण होने पर रिकॉर्ड रखरखाव ठीक से करें, कार्यालय की साफ-सफाई दुरुस्त रखें,सरकार की मनसा एवं जारी निर्देशों के क्रम के अनुसार कार्य का निस्तारण समय से करें, बकाए के वाहनों के नोटिस एवं रिकवरी समय से भेजते रहें,साथ ही जनपद में एक्रीडिटेशन ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का निरीक्षण किया गया, सेंसर युक्त ट्रैक पर टेस्टिंग प्रक्रिया की समीक्षा की गई, सिम्युलेटर पर प्रशिक्षण की स्थिति एवं क्लासरूम एवं डिस्प्ले रूम का निरीक्षण किया गया,स्कूल संचालक को हिदायत दी गई की जान सामान्य को अच्छी से अच्छी सुविधा दी जाए, प्रशिक्षण देने में किसी प्रकार की कमी ने की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके,निरीक्षण के दौरान श्री कमल गुप्ता, उप परिवहन, बरेली परिक्षेत्र,श्री प्रणव झा, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बरेली मंडल, श्री पंकज सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बरेली मंडल, श्री हरिओम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन)बदायूं, श्री अभिनव चौधरी माल/यात्री कर अधिकारी, बदायूं एवं समस्त परिवहन कार्यालय बदायूं के कर्मचारी उपस्थित रहे

# ओवरसीज जॉब हेतु इच्छुक अभ्यर्थी करे ऑनलाइन आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत रोजगार संगम पोर्टल द्धतवर. हंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद) के माध्यम से ओवरसीज जॉब के अन्तर्गत सउदी अरब में बैंकेंसी रिक्रूटमेन्ट एजेन्सी के माध्यम से किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रिक्रूटमेन्ट एजेन्सी क्रियेटिव इन्टरप्राइजेज द्वारा सउदी अरब में मैकेनकल, फिटर, फेब्रीकेशन फोरमैन, मैकेनिकल टेक्निीशियन, स्ट्रक्चर फैब्रीकेटर, पाइप फैब्रिकेटर,, वेल्डर्स, हेल्पर्स सुपरवाइजर की भर्ती रू0-60000/-से 150000/-मासिक सैलरी पैकेज में किया जाना है। पासपोर्ट धारक एवं उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव वाले अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के रक्त केन्द्र विभाग द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया रोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में वर्ष 2023 बैच के नर्सिंग छात्रों द्वारा ओपीडी हॉल में थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अरुण कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ एवं डॉ. श्रीनिवासन गांधी, प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. लालेन्द्र यादव, सहायक आचार्य, फार्माकोलॉजी विभाग तथा डॉ. वैशाली, सहायक आचार्य, पैथोलॉजी विभाग द्वारा स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया।

शिविर में कुल 10 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 02 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं ब्लड डोनेशन कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि "थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग में नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ लगातार जन-जागरूकता एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। मैं सभी युवाओं एवं नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहभागी बनें।"

# राष्ट्रीय एस्ट्रो ओलंपियाड में छात्रा ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड की कक्षा 11वीं की छात्रा आयरा अल्वी ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। आयरा अल्वी ने डीएएसए इंडिया (कौ। प्छक्प्) एवं नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर्स टीचर साइंटिस्ट इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल एस्ट्रो ओलंपियाड 2026 में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर आयरा अल्वी का चयन प्रतिष्ठित "7.0 इंडिया इंटरनेशनल साराभाई स्टूडेंट्स साइंटिस्ट अवॉर्ड 2026" के लिए किया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से केवल 16 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें आयरा अल्वी उत्तर प्रदेश से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद एवं प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गई है।

जानकारी के अनुसार, इस प्रतिष्ठित चयन प्रक्रिया के लिए नेशनल एस्ट्रो ओलंपियाड के टॉपर्स को ही पात्र माना गया था।

आयरा ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच एवं अथक परिश्रम के बल पर यह स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। विद्यालय के प्रबंध निद. ेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने आयरा अल्वी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

आयरा ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में भी विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करेंगी।"विद्यालय की प्रधानाचार्या



श्रीमती पूजा छाबड़ा ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि "आयरा अल्वी की सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी रुचि और मेहनत सराहनीय है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

विद्यालय में आयरा की उपलब्धि पर विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा का मुँह मीठा कराकर उसकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया।

आयरा अल्वी की यह उपलब्धि निश्चित रूप से विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण साबित होगी।

# पुस्तकालय एवं जन सेवा केंद्र का हुआ लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना द्वारा निर्मित हाट बाजार, ग्राम पंचायत बांगर में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना द्वारा निर्मित पंचायत पुस्तकालय एवं केंद्र वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का कायाकल्प तथा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान द्वारा निर्मित पंचायत लर्निंग सेंटर एवं जन सेवा केंद्र का लोकार्पण पूरनपुर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान एवं पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पूरनपुर एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भी प्रतिभाग किया गया ग्राम वासियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया साथ ही वर्तमान में स्व जनगणना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया दोनों कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर की ग्राम प्रधान जगवत्ता देवी, ग्राम पंचायत बागर की ग्राम प्रधान मुन्नी देवी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत अवनीश गंगवार, ग्राम पंचायत अधिकारी अतुल गंगवार, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, मंडल संयोजक रामराखन शर्मा, गन्ना समिति डायरेक्टर नितिन दिक्षित, ग्राम पंचायत बंजरिया के ग्राम प्रधान गुरुदेव सिंह, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बीसलपुर में भू-माफियाओं के हौसले बुलंद

■ **न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद खेत पर कब्जे की कोशिश**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** प्रदेश सरकार भले ही भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के दावे कर रही हो, लेकिन बीसलपुर तहसील क्षेत्र में दबंग खुलेआम न्यायालय के आद. ेशों को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। मामला ग्राम कस्बा पट्टी स्थित गाटा संख्या 86 (रकबा 1.9230 हेक्टेयर) की भूमि से जुड़ा है, जहां विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर लगातार तनाव बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त भूमि को लेकर उपजिलाधिकारी (न्यायिक) बीसलपुर की अदालत में वाद संख्या T202412560206509, शाहजहां बेगम बनाम सरबत जहां आदि विचाराधीन है।

न्यायालय ने 28 मई 2024 को विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने, निर्माण कार्य और किसी भी प्रकार के कब्जे पर रोक लगाने का आदेश दिया था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी उस्मान खां, सुल्तान खां और उनके सहयोगियों ने न्यायालय के आदेश को नजरअंदाज करते हुए कई बार खेत की मेड़ तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया। शिकायत के अनुसार, 3 अप्रैल 2024 को भी दबंगों ने मेड़ तोड़ी थी, जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी। आरोप है कि 12 अक्टूबर 2025 को आरोपी करीब 10 लोगों और ट्रैक्टर के साथ खेत पर पहुंचे और जबरन जुताई शुरू कर दी।

विरोध करने पर गाली-गलौज और विवाद की स्थिति बन गई। पीड़ित परिवार ने किसी तरह मौके से हटकर खुद को सुरक्षित किया। पीड़िता का कहना है कि पूर्व में उपजिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब मामले में प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती होती तो दबंगों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते।

# नगर पालिका ने चलाया स्व गणना जनजागरूकता एवं सहभागिता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के तहत नगर पालिका में स्व गणना विशेष जनजागरूकता एवं सहभागिता अभियान चलाया गया। जिसमें नगरवासियों से 21 मई तक स्व गणना पूर्ण करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में जनगणना सहायक राजीव कुमार ने बताया कि जनगणना-2027 के तहत 7 मई से 21 मई तक स्व प्रेरणा से स्व गणना अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से परिवार स्वयं अपनी जानकारी जनगणना पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक मशकूर खान, जनगणना सहायक राजीव कुमार, लिपिक शीबा इकबाल, लिपिक जितेंद्र कुमार, नदीम अब्बासी, शिवानी, स्वेता चौधरी, राज. ेश कुमार, रोहित लोहान, हिमांशु मौर्य, रमेश गौतम आदि उपस्थित रहे।

# पीलीभीत नगर पालिका में गली गली हो रहा सड़कों का निर्माण

■ **दो वार्डों में कराया सीसी सड़क का पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 5 स्थित शारदा कॉलोनी में रामरतन के मकान से रोहित सत्यप्रकाश के मकान तक तथा वार्ड संख्या 26 में आसफ जान मोहल्ले में दिनेश रस्तोगी के मकान से सकटूमल के पाकड़ तक नव निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों मार्ग लंबे समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में थे, जिससे बरसात के मौसम में आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद अब क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिली है तथा आवागमन सुगम हो गया है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना परिषद की जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय निवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। इस अवसर पर सभासद शिवम श्रीवास्तव, पुष्पा उपाध्याय, अवतार सिंह, वतनद. ीप मिश्रा, निर्मल सिंह, साकेत सक्सेना, राशिद हुसैन, सुनीता सिंह, चौतन्य गंगवार, राजेंद्र भारती, सुरेश लोधी, नितिन सक्सेना, पंकज तिवारी, जगन्नाथ लोधी, प्रतीक अग्रवाल, स्वतंत्र देवल, नरेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आवारा पशु और खाद बीज की किल्लत से परेशान किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव की अध्यक्षता में तहसील परिसर में आयोजित की गई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान भाकियू अराजनैतिक ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

चौपाल को संबोधित करते हुए एड. रामलखन यादव ने कहा कि छुट्टा गौवंश के कारण किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। रात-रात भर जागकर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही हैं। जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा छुट्टा गोवंश खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं कई किसानों की पूरी फसल नष्ट हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहे हैं।

वह महंगे दामों पर निजी विक्रेताओं से खाद बीज खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे। उन्होंने आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने, गांव में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था की मांग की। पंचायत में रामचंद्र यादव जिलाध्यक्ष, रामलखन यादव एड. युवा जिलाध्यक्ष, श्याम वावू फौजी, रामचंद्र सिंह, जयपाल सिंह, रतिराम यादव, तहसील अध्यक्ष रामचंद्र, ब्लाक अध्यक्ष आसफपुर महेशपाल, ब्लाक अध्यक्ष बिसौली नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सखी एम - 1 का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संभल में शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सखी एम - 1 के चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें डी आर पी हेमंत बाबू , राधा व बी आर पी ममता शर्मा व बबिता शर्मा सभी महिला प्रतिभागियों को विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं ।

इस चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभल जिले के विकास खंड रजपुरा से 38 व संभल से 45 महिला प्रतिभागी हिस्सा ले रहीं हैं । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आसफपुर क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर अंतर्जनपदीय संभल क्षेत्र में हयात नगर में स्थित जे पी गेस्ट हाउस में अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 मई 2026 से 10 मई 2026 तक सुचारू रहेगा । यह जानकारी आसफपुर क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से साकार हुआ अपने घर का सपना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। इस योजना के माध्यम से ऐसे अनेक परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो वर्षों से कच्चे मकानों अथवा किराये के घरों में रहने को मजबूर थे। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद बदायूं के वार्ड संख्या 18, मोहल्ला कल्याण नगर निवासी विनीत कुमार पुत्र श्री रोशन लाल को भी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे उनका अपने पक्के घर का सपना पूरा हो सका है।



विनीत कुमार एक निजी नौकरी करते हैं। पहले उनके पास केवल एक खाली प्लॉट था और वे अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहते थे। सीमित आय और आर्थिक कठिनाइयों के कारण स्वयं का मकान बनाना उनके लिए बेहद कठिन था। किराये के मकान में रहने के दौरान उन्हें और उनके परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी बीच उन्हें अपने मित्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानक. ारी मिली। योजना के बारे में जानने के बाद उन्हें विश्वास हुआ कि अब उनका भी अपना घर हो सकेगा। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवेदन किया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनका नाम योजना में चयनित हो गया और उन्हें पक्के आवास हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। योजना के अंतर्गत मिली धनराशि से उन्होंने अपने मकान का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। आज वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में अपने पक्के घर में रह रहे हैं।

# खितौरा में भव्य श्याम संकीर्तन का हुआ आयोजन, देर रात तक झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उधैती ( बदायूं )।** क्षेत्र के गांव खितौरा में गुरुवार रात श्याम बाबा के भक्तों द्वारा भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।गांव के प्राचीन देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम की शुरुआत रात करीब आठ बजे बाबा खाटू श्याम के अलौकिक श्रृंगार के साथ हुई। इसके बाद बाबा का भव्य दरबार सजाया गया, जिसे रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक रूप दिया गया। श्रद्धालुओं ने 56 भोग अर्पित कर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। संकीर्तन में वृन्दावन से पधरे अमन मिश्री व बबराला की भजन गायिका मिनी गौरी साक्षी सहित कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों दी।

# पूर्व मंत्री ओमवती का निधन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती देवी का आज शाम निधन हो गया। कल (आज) दोपहर बाद ढाई बजे स्योहारा क्षेत्र के ग्राम रूपपुर शाहपुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे आवास-विकास कॉलोनी स्थित आवास पर अंतिम दर्शन के बाद नगीना आवास पर दोपहर 12 बजे ले जाया जाएगा। वहां से उनका पार्थिव शरीर धामपुर क्षेत्र के ग्राम मिलक तखावली में मायके में ले जाया जाएगा। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। वह बसपा सरकार में मंत्री रहीं थीं। वह बिजनौर की पूर्व सांसद भी थीं। वह सपा व बसपा से लम्बे समय तक जुड़ी रहीं। वह सन 1983 से 1989 तक नगीना से कांग्रेस की विधायक रहीं। इसके बाद 1996 से 1998 तक नगीना से सपा की विधायक रहीं। 1998 से 1999 तक वह बिजनौर से सपा की सांसद रहीं। सन् 2002 सन 2007 तक वह नगीना से सपा की विधायक रहीं। इसके बाद सन 2007 से 2012 तक वह नगीना से विधायक एवं बसपा सरकार में राज्यमंत्री रहीं। वह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे आरके सिंह की पत्नी थीं। उनकी पुत्रवधु श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह वर्तमान में कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने पूरे जीवन में दबे-कुचले समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

# भाकियू की पंचायत में समस्याओं पर विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक पंचायत तहसील परिसर में आयोजित हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। पंचायत के बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह धंकड़ ने कहा कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन इसका पुरजोर विरोध करेगी और स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिलाई शुगर



## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मिल द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गुलदार की बढ़ती समस्या से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है और किसानों का खेतों पर जाना मुश्किल हो गया है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में नहरों में पर्याप्त पानी नहीं आने से फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नहरों में शीघ्र पर्याप्त पानी छोड़ा जाए, गन्ना भुगतान जल्द कराया जाए और गुलदार की समस्या से राहत दिलाई जाए।पंचायत के बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

पंचायत में जिलाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह धनखड़, मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद भूपेश चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, राष्ट्रीय संरक्षण के गुरुदेव प्रधान, कोषाध्यक्ष यशपाल राठी, मंडल महासचिव भोर सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सुरेश चौधरी ने की।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत



## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर-स्योहारा मार्ग पर गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर पालकी निवासी मुनीश्वर सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष बाइक से धामपुर से अपने गांव लौट रहे थे। बताया जाता है कि जब वह धामपुर क्षेत्र के सरकड़ा चकरा. जमल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनीश्वर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। घायल अवस्था में मुनीश्वर सिंह को तत्काल धामपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

सीओ अभय पांडे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही हादसे के संबंध में जांच भी शुरू कर दी गई है।

# यूनिवर्सल एकेडमी में मनाया मदर्स डे

## मां के प्रति स्नेह जताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रधानाचार्य डा. अनुज त्यागीजी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक राकेश कर्णवाल, अपर्णा कर्णवाल, प्रधानाचार्य डा. अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की। इसके बाद गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई।

सर्वप्रथम विद्यालय में अपने बच्चों के साथ आई माताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधक राकेश कर्णवाल ने सभी को मातृ दिवस की बधाई दी और कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है, जो जीवन की हर राह को आसान बनाती है। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने माता-पिता के स्वागत में स्वागत गीत गाया गया। बच्चों ने अपने माता-पिता के स्वागत में नृत्य,



गीत व लघु नाटिका आदि विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने इन कार्यक्रमों में अपने अपने तरीकों से अपनी मां के प्रति प्यार व मां की महिमा को बताया।

इस अवसर पर बच्चों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, फोटो फ्रेम प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और इन गति. विधियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया।

इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं फन गेम्स और नृत्य आदि में माताओं ने प्रतिभाग किया। माताओं के द्वारा किए गए ये कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। इन कार्यक्रमों में लकी ड्रॉ के आधार पर विजेताओं को मदर्स डे बैज व उपहार देकर सम्मानित किया गया। गेम्स में विजेता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपहार पाकर सभी माताएं भावुक दिखी और स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंच संचालन कक्षा चार के अथर्व, आकृति और कक्षा तीन की इनाया, ज्येष्ना ने रीना मैडम की देखरेख में किया।

कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज अभिलाष एवं अनिता चौधरी की देख रेख में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य डा.अनुज त्यागी ने सबको मातृ दिवस की बधाई दी और सबका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मां का हमारे जीवन मे बहुत बड़ा महत्व है। हमें सदैव मां का सम्मान एवं सेवा करनी चाहिए। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने मां अपने बच्चों और परिवार की खुशियों के लिए सब कुछ त्याग देती है अत: हमें मां का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोओर्डिनेटर फराह, अनीता, रूपाली डांस शिक्षक ओम, संगीत शिक्षक नितिन, संजय, फाइन आर्ट विभाग नितिन प्रज्ञा सभी कक्षा शिक्षकों का योगदान रहा।

## एक नजर

### अनिल यादव ने जताया शोक

**बिजनौर।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक मजबूत नेत्री थीं। उन्होंने अपना पूरा जीवन शोषित समाज की सेवा के लिए समर्पित कर रखा था। उन्होंने कहा कि उनके निधन से खाली हुई जगह को आसानी के साथ नहीं भरा जा सकता है।

### इफ्तेखार ने बताया बहादुर नेत्री

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती के इंतकाल पर रंजो गम इजहार करते हुए कहा कि वह एक बहादुर नेत्री थी। उन्होंने हमेशा सच्चाई का साथ दिया और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती बहादुर नेत्री थी।

### बकरी फार्म में लाखों की चोरी

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला कस्साबान निवासी हनीफ अहमद के बकरी फार्म व गोदाम से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। पुलिस चोरो को ढूंढ़ने के बजाये हनीफ को एक दूसरे का हलका बता कर टालने में लगी हुई है। पीड़ित के अनुसार उसका बकरी फार्म व गोदाम गंज रोड पर पेरिस गार्डन के पीछे है। 1/2 1/2 मई की रात को चोरों ने ताला तोड़कर इन्वर्टर, 6 बैटरियां, जनरेटर का अल्टीनेटर, कैमरों की डीवीआर व पंखे समेत करीब तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी पड़ोसी द्वारा फोन पर मिलने के बाद पीड़ित मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई करने के बजाय घटना स्थल एक दूसरे के हलके में बता कर टाल मटोल कर रही है। जाटान पुलिस चौकी प्रभारी घटना स्थल को हल्का नम्बर 4 का क्षेत्र बता रहे हैं, जबकि हल्का नम्बर 4 के दरोगा इसे जाटान चौकी क्षेत्र में बता रहे हैं। पीड़ित हनीफ अहमद का कहना है कि वह पिछले एक सप्ताह से पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही चोरी के खुलासे के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# विद्यार्थियों को मिला संसद भवन देखने का आमंत्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए गौरवपूर्ण रहा क्योंकि भारत की संसदीय समिति की ओर से यहां के विद्यार्थियों और शिक्षकों को संसद भवन देखने का आमंत्रण मिला। पूरे जनपद में इस स्कूल का चयन वास्तव में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस आमंत्रण में सीमित विद्यार्थियों और शिक्षकों को ही ले जाना सुनिश्चित था।

प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने भ्रमण में जाते समय अपने संबोधन में कहा कि निश्चित रूप से यह अवसर हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अनुभवों से भरा हुआ होगा क्योंकि जब हम प्रत्यक्ष, जीवन्त, प्रयोगात्मक और व्यवहारिक माध्यमों से सीखने की प्रक्रिया से जुड़ते हैं तो उसका प्रभाव स्थायी होता है।

एकेडमिक कॉर्डिनेटर मयंक कौशिक के मार्गदर्शन में चार



## प्रियंका मॉडर्न स्कूल के बच्चों में उत्साह का माहौल

शिक्षक रूपराज सिसौदिया, डीपी सिंह, विवेक कुमार और किरन शर्मा के साथ कक्षा दस के पचास विद्यार्थियों को भारत की संसद और इसकी प्रणाली को देखने का अवसर मिला। दिल्ली की ओर जाते समय विद्यार्थियों का कौतुहल और जिज्ञासा सातवें आसमान पर था। वे पूरी यात्रा के दौरान वे अपने शिक्षकों से विभिन्न प्रश्नों को पूछते हुए प्रियंका स्कूल की शिक्षा-प्रक्रिया को रोचक बनाते हुए व्यक्त कर रहे थे।

इस मौके पर स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिती सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा किया कि ष्हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए यह अवसर निश्चित रूप से भारत की संसदीय प्रणाली को समझने में मददगार होगा।

इस शैक्षणिक भ्रमण के संबंध विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि मैं स्कूल प्रबंधन का आभारी हूं, उनके प्रयासों से हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए अनुभवों और सीखों से रूबरू होने के अवसर मिलते रहते हैं। साथ ही स्कूल के वरिष्ठ शिक्षकों राजीव चौहान, एसके देवरा, तबरेज खान, कमल भट्ट, शुभम अग्रवाल, कामेंद्र कुमार, संजय चौहान और रीता राणा आदि ने भी इस आयोजन की।

# व्यापारी नेता राहुल वर्मा हॉउस अरेस्ट

## बढ़ती मंहगाई व बढ़ते गैस के दामों के विरुद्ध देना था ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद के नेतृत्व में बढ़ते कामर्शियल गैस के दामों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन देने का आह्वान किया था। लेकिन इससे पूर्व ही आज सुबह जिला प्रशासन ने राहुल वर्मा को हॉउस अरेस्ट कर लिया।

प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि कामर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने छोटे व्यापारियों, होटल, ढाबा, मिठाई एवं रेस्टोरेंट व्यवसायियों की कमर तोड़ दी है। व्यापारी पहले ही स्मार्ट मीटर, बढ़ते टैक्स और आर्थिक मंदी की मार झेल रहा है, ऊपर से गैस सिलेंडर की लूट ने व्यापार चौपट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार यह सोचती है कि



व्यापारियों को डराकर आंदोलन रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। व्यापार मंडल अन्याय, शोषण और महंगाई के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा। व्यापारी एकता परिषद चेतावनी देता है कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया और दमनात्मक कार्रवाई बंद नहीं हुई, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा के आवास पर पहुंचना शुरु कर दिया। जिसमें मंडल प्रभारी मौहम्मद काशीफ, जिला अध्यक्ष अनुज मानव शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नईम अहमद अंसारी, जिला मंत्री राजीव कुमार, मुस्तकीम अहमद, आबिद अहमद, विकास कुमार, अंशुल कुमार, आशीष गुप्ता, इलियास शाह आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

# सत्ता की हनक में बेखौफ अवैध खनन

## हरे-भरे आम के बाग को काट कर बनाई गई अवैध कालोनी में चल रहा मिट्टी खनन कर भराव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सत्ता की हनक में कुछ माफियाओं द्वारा बेखौक होकर अवैध कालोनी में अवैध मिट्टी खनन कर भराव किया जा रहा हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार किरतपुर मार्ग पर ग्राम मौंहडिया लल्लू द्वार के सामने हरे-भरे आम के बाग को काट कर बनाई गई अवैध कालोनी में दिन के उजाले में मिट्टी खनन कर भराव किया जा रहा हैं।

सूत्रों के अनुसार मिट्टी खनन से भराव का काम सुबह 4 बजे से चल रहा था, जो साढ़े 11 बजे तक चलता रहा। अवैध खनन करती टैक्टर ट्रालियों के फोटो कुछ व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल होने पर खनन में संलिप्त एक नेता और एक कर्मचारी ने आनन-फानन में अवैध खनन फिलहाल बंद कराया।

बताते हैं कि सत्ता की हनक में कुछ नेता और भ्रष्ट अधिकारी की साठगांठ से अवैध खनन किया जा रहा हैं।

डीएम जसजीत कौर लगातार खनन को प्रतिबंधित बता चुकी हैं और घोषणा कर चुकी हैं कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद भी क्षेत्र में कई जगह रातों रात मिट्टी खनन कर भराव हो जाता है और कोई अधिकारी खनन करने वाले लोगों पर कार्यवाही नहीं करता। जिससे सत्तासीन इसके महंगे दामों पर ठेके लेते हैं और मौका देख कर मिट्टी खनन कर भराव करते हैं। इस अवैध खनन से पर्यावरण प्रेमियों में रोष व्याप्त है।

### जनसंवाद में सुनी शिकायतें

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत कादराबाद के पंचायत घर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम जसजीत कौर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। डीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई शिकायतों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम कादराबाद निवासी कृपाल भंडारी ने पंचायत भवन की मरम्मत में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत भवन की मरम्मत के लिए शासन द्वारा लगभग 22 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जबकि मौके पर करीब 5 से 7 लाख रुपए तक ही कार्य कराया गया। शेष धनराशि पंचायत ठेकेदार, पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान की मिलीभगत से गबन किए जाने का आरोप लगाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान डीएम ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इसके अलावा उन्होंने अगवानपुर गौशाला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मन्दिर की मूर्तियां खंडित होने से ग्रामीणों में रोष

## आरोपी नशेड़ी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गांव करौंदी स्थित शिव मंदिर में गुरुवार देर शाम एक युवक द्वारा नशे की हालत में मंदिर की मूर्तियां खंडित करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने शिवलिंग पर विराजमान शेषनाग और भगवान कार्तिकेय की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने पीछा कर आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गांव करौंदी में शिव मंदिर स्थित है। गुरुवार देर शाम गांव का युवक आकाश त्यागी नशे की हालत में मंदिर में पहुंच गया। उसने शिवलिंग पर विराजमान शेषनाग व पास ही स्थापित भगवान कार्तिकेय की मूर्ति को खंडित कर दिया। उस समय मंदिर परिसर में अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे। उन्होंने आकाश को मूर्ति खंडित करते देख लिया। इसके बाद ग्रामीण उसे पकड़ने के दौड़े तो वह बचकर जंगल में भाग गया। ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी गांव में आ गई। भीड़ के बीच घिरे आरोपी को थाने ले आई। मामले में गांव के ही अनिल त्यागी की तहरीर पर आकाश के रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि आकाश त्यागी को शराब पीने की लत है। नशे की हालत में गांव में ही घूमता रहता है। अक्सर वह मंदिर में लाउडस्पीकर पर भजन भी बजाता है। बताया कि वह माता-पिता का इकलौता बेटा है। जिसकी हरकतों से परेशान होकर सालभर पहले वह घर छोड कर ब्रजघाट स्थित एक आश्रम में रहने लगे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**बंगाल में टीएमसी की हार से सपा प्रमुख सतर्क**

# सपा नेताओं में मनमुटाव दूर करने में लगे अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बंगाल में टीएमसी की करारी हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव सतर्क हो गये हैं। उन्होने पार्टी में गुटबाजी पर लगाम कसने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

- गिले शिकवे भुलाकर चुनाव की तैयारी में जुटें सपाई
- सांसद जावेद अली खां व विधायक कमाल अख्तर से की डेढ़ घंटा बातचीत

बताते चलें कि पश्चिमी बंगाल में तृमुल कांग्रेस की चौथी बार सरकार बनने की संभावना सपा को लग रही थी। परन्तु चार मई को चुनाव परिणाम आये उसमें भाजपा 207 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल रही। बंगाल में ममता दीदी की हार से सपा प्रमुख अखिलेश यादव सतर्क हो गये हैं। पार्टी के जिन नेताओं में आपस में 36 का आंकड़ा है उन्हें वह लखनऊ बुलाकर यह समझा रहे हैं कि भाजपा के खिलाफ एकजुट रहें तभी 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बन सकती है। राज्यसभा सांसद जावेद अली खां व कांठ विधायक कमाल अख्तर में 36 का आंकड़ा था,



इन दोनों नेताओं को अखिलेश यादव ने लखनऊ बुलाकर डेढ़ घंटा बात की तथा उन्हें यह समझाने की कोशिश की कि विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन में सभी नेताओं से सलाह मशवि. रालिया जायेगा लेकिन पार्टी हाईकमान जिले भी टिकिट पकड़ा दे उसे पूरी ताकत से चुनाव लड़ायें। प्रदेश में हर हाल में सपा की सरकार बनानी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं वह उन सभी नेताओं को लखनऊ बुला रहे हैं जिनका दूसरे नेताओं से किसी बात को लेकर मतभेद है। इस संबंध में जल्द ही अमरोहा, बिजनौर, संभल, रामपुर के नेताओं को भी लखनऊ बुलाकर उनके आपसी मतभेद दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

## बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह अब 9 मई को आयोजित होगा। बार रूम में हुई बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि अधिवक्ता अरविंद प्रकाश रस्तोगी के निधन के चलते कार्यक्रम की तिथि में बदलाव किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कपिल कुमार चिकार ने सभी अधिवक्ताओं से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# कमेटी के पैसे मांगना युवक को पड़ा महंगा

## कैंची से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पांयती कलां में कमेटी के पैसे मांगने पर युवक पर कैंची से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घायल को पहले सीएचसी जोया और बाद में जिला अस्पताल अमरोहा से मुरादाबाद रेफर किया गया है। गांव निवासी अहमद रजा अपने घायल भाई मोहम्मद रजा को लेकर थाना डिडौली पहुंचे। घायल की हालत गंभीर होने पर पुलिस ने तत्काल उसे सीएचसी जोया भिजवायाद्य जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया। बाद में हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद भेजा गया।पुलिस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर घायल मोहम्मद रजा का वीडियो बयान लिया गया। घायल ने बताया कि गांव निवासी अरमान पुत्र रजाबुल गांव में कमेटी डालने का कार्य करता है तथा घर पर परचून और नाई की दुकान चलाता है। उसकी कमेटी में मोहम्मद रजा के पैसे बाकी थे।आरोप है कि शुक्रवार सुबह वह अपने पैसे मांगने अरमान की दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान कहासुनी होने पर अरमान ने दुकान में रखी कैंची उठाकर उस पर हमला कर दियाद्य जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस के अनुसार मामले में अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस टीम गांव पहुंची, लेकिन आरोपी घर से फरार मिला।

# चोरी के सामान समेत दो चोर गिरफ्तार

## किराना दुकान में हुई थी चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किराना दुकान से चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। मोहल्ला मेंहम्मदी सराय निवासी सुमित कुमार की घर के बाहर किराना की दुकान है। गुरुवार की शाम चोरों ने उनकी दुकान से सामान चोरी कर लिया था। जिसकी कीमत लगभग दस हजार थी। दुकानदार ने रात में ही इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई। जिसके आधार पर किराना दुकान में चोरी करने वाले दो संदिग्ध दिखाई दिए। लोगो ने उनके फोटो देखकर उन्हें पहचान लिया। दोनों आरो. पितों मोहम्मद सैफ उर्फ राजा व मोहम्मद अरमान मोहल्ले की ही रहने वाले निकले। पुलिस दोनों को मोहल्ले से ही गिरफ्तार कर उनकी निशानद. ेही पर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।



घटना के महज चार घंटे के भीतर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# उर्वरक विक्रेता पर लगाया कालाबाजारी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम गंगाचौली निवासी किसान मनवीर सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर वि कुमार खाद भण्डार पूठ रोड के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। किसान का आरोप है कि उक्त विक्रेता ऊंचे दामों पर खाद बेचकर गरीब किसानों का शोषण कर रहा है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित ने 24 फरवरी को विक्रेता को 10 कट्टों के लिए 3,000 का डिजिटल भुगतान किया था। लेकिन जब वे खाद लेने पहुंचे तो पता चला कि रिकॉर्ड में उनके नाम पर 10 के बजाय 20 कट्टे दर्ज दिखा दिये गये हैं। किसान का कहना है कि विक्रेता रिकॉर्ड में हेराफेरी कर खाद की कालाबाजारी कर रहा ह। जिससे वास्तविक जरूरतमंद किसान खाद से वंचित रह रहे हैं। और उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। पीड़ित ने साक्ष्य के तौर पर भुगतान की रसीद भी संलग्न की थी। शिकायत मिलने के बाद जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदार से स्पष्टीकरण तलब कर लिया है। स्पष्टीकरण तलब होने के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

**एक नजर**

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बलराज प्रजापति का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अमरोहा पहुंचे बलराज प्रजापति का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचे। इस दौरान बलराज प्रजापति ने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वहीं जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि उनकी नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस मौके पर पंडित राम अवतार शर्मा, आदेश अमरोही, डॉ जगत सिंह गुर्जर, पवन कुमार, पंडित योगेंद्र शर्मा, विवेक कुमार, जुबैर अहमद, इस्लामउद्दीन इदरीसी आदि मौजूद रहे।

**वारदात** — परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

# संदिग्ध हालत में चारपाई पर पड़ा मिला युवक का शव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव दढ़ियाल में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 18 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर की चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

दढ़ियाल निवासी सियाराम का 18 वर्षीय पुत्र अवनेश बीती रात गांव में ही अपनी साइकिल पंचर की दुकान पर सोने केलिए घर से निकला था। परिजनों शुक्रवार सुबह जब घर के लोग जागे, तो सियाराम ने अपने पुत्र अवनेश को जगाया तो अवनेश चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला युवक के गले पर निशान देख परिजनों के होश उड़ गए और घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता और अन्य परिजनों ने गांव के ही कुछ व्यक्तियों पर रंजिशन हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अवनेश की गला दबाकर हत्या की गई है और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को घ चारपाई पर रख दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही आदमपुर थाना अध्यक्ष कोमल तोमर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि युवक का शव घर में मिला है। परिजनों ने कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष और कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### गांव में तनाव का माहौल

**ढवारसी।** इस घटना के बाद से गांव दढ़ियाल में तनाव और शोक का माहौल बना हुआ है। मृतक अवनेश के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हत्या किस समय और किन परिस्थितियों में की गई। पुलिस टीम गांव के कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है ताकि वारदात की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

## रक्तदान कर लोगों को जीवन बचाने का दिया संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय, विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान प्रबंधन, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डीन मेडिकल डॉ. प्रभु एमएच और अन्य चिकित्सकों ने फीता काटकर किया। इस दौरान रक्तदाताओं ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर संस्थान परिसर में रैली भी निकाली। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है। वहीं डॉ. राजीव त्यागी ने सभी से नियमित अंतराल पर रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीढ़ी से उतरते समय गिरा पेंटर, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ी अजीज निवासी सुनील कुमार पुत्र पीतम सिंह हरियाना में पेंटिंग का कार्य करते हैं। शुक्रवार को वह गांव के ही ठेकेदार नीरज और शीशपाल के साथ पेंटिंग का काम करने गए थे। बताया गया कि काम के दौरान सीढ़ी से उतरते समय अचानक संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह करीब तीन डंडों की ऊंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद साथियों ने उन्हें तत्काल रायपुर स्थित देखभाल अस्पताल में भर्ती करायाद्य जहां उनका उपचार चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों में चिंता का माहौल बन गया। घायल की पत्नी सलोनी भी अस्पताल पहुंच गई हैं। चिकित्सकों की निगरानी में सुनील कुमार का इलाज जारी है।

# घर की सफाई कर रही महिला से मारपीट

## दीवार गिराने का आरोप, थाने पहुंची पीड़िता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा राजपूत में घर की साफ-सफाई कर रही महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो पड़ोसी युवकों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी अजयपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने परिवार के सदस्य अरबिंद से भूमि खरीदी थी। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी नीशू पशुओं को बांधने के लिए स्थान की साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी नितिन और प्रदीप वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे।पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसके बाल पकड़कर ईंटों पर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गई। और दीवार गिरा दी,शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल महिला नीशू ने थाना डिडौली पहुंचकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सरकारी दफ्तर ही बने सबसे बड़े बकायेदार

## पालिका के 73 लाख रुपये अटके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** आम जनता पर सख्ती दिखाने वाले सरकारी विभाग ही अब नगर पालिका के सबसे बड़े बकायेदार बन गए हैं। पालिका क्षेत्र के आठ सरकारी दफ्तरों पर कुल 73 लाख रुपये से ज्यादा का गृहकर बकाया है, जो वर्ष 2017-18 से अब तक जमा नहीं किया गया। सबसे ऊपर नाम है विद्युत वितरण खंड धनौरा का, जिस पर अकेले 59 लाख 37 हजार 48 रुपये का बकाया है। यानी कुल बकाए का बड़ा हिस्सा इसी एक विभाग पर टिका हुआ है। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय पर 3 लाख 63 हजार 972 रुपये, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा पर 8 लाख 84 हजार 2 रुपये, राजकीय पशु चिकित्सालय पर 60 हजार 420 रुपये बकाया है। वहीं उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी पर 34 हजार 272 रुपये, राज्य कृषि बीज भंडार पर 9 हजार 828 रुपये, सहकारी संघ धनौरा पर 24 हजार 311 रुपये और बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पर 6 हजार 349 रुपये का बकाया चल रहा है। बताया जाता है कि नगर पालिका ने वर्ष 2017-18 में सभी सरकारी कार्यालयों पर गृहकर लागू किया था, लेकिन इसके बाद से अधिकांश विभागों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजा यह रहा कि साल दर साल बकाया बढ़ता गया और अब लाखों में पहुंच चुका है। पालिका सूत्रों के मुताबिक इन विभागों को कई बार नोटिस और पत्र भेजे गए, लेकिन भुगतान के नाम पर कोई खास पहल नहीं हुई। आम नागरिकों से समय पर टैक्स वसूली करने वाला सिस्टम अपने ही विभागों के सामने बेबस नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब आम आदमी से सख्ती से वसूली की जाती है, तो सरकारी दफ्तरों पर भी वही नियम लागू होने चाहिए। अब सवाल यह है कि क्या पालिका इन विभागों से बकाया वसूलने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी या फिर यह मामला यूं ही फाइलों में दबा रहेगा।

## जेएस कालेज में छात्र-छात्राओं को बैग का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में गुरुवार को गरीब एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल स्वरूप टंडन और प्रबंधक पंकज गुप्ता ने करीब 50 विद्यार्थियों को बैग देकर उनकी पढ़ाई में सहयोग का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष अनिल स्वरूप टंडन ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी भी छात्र की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। वहीं प्रबंधक पंकज गुप्ता ने जरूरतमंद बच्चों को कापी, किताबें और फीस में भी सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह ने बताया कि विद्यालय हमेशा से मेधावी और असहाय विद्यार्थियों की मदद के लिए अग्रणी रहा है।



## एएसएम में मदर्स-डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** एएसएम जूनियर हाई स्कूल, जगुआ खुर्द में मदर्स डे के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। बच्चों की भावनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मती चारु वशिष्ठ ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए मां के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां अपने बच्चों का पालन-पोषण कर उन्हें योग्य बनाती है, इसलिए सभी बच्चों को अपनी मां का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए मां के प्रति हमेशा समर्पित रहने की सीख दी।

## द आर्यस स्कूल में विद्यार्थी परिषद का चुनाव



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यस विद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थी परिषद गठन के लिए हेड बाय और हेड गर्ल पदों हेतु मतदान कराया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया पीठासीन अधिकारियों एवं शिक्षकों की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने विद्यार्थियों को लो. कतंत्र और संविधान के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## जूनियर हाईस्कूल के ताले तोड़कर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में रात्रि के समय चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़कर विद्यालय कार्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोर सेफ अलमारी तोड़कर उसमें रखे दो सैमसंग टैबलेट, गणित एवं विज्ञान विषय की किट और बर्तन चोरी कर ले गए।शुक्रवार सुबह प्रधानाध्यापिका राफिया अहमद विद्यालय स्टाफ के साथ स्कूल पहुंचीं। कार्यालय का ताला खोलकर अंदर जाने पर खिड़की टूटी मिली और सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। प्रधानाध्यापिका राफिया अहमद ने बताया कि चोर विद्यालय की सेफ अलमारी तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# युवा टाइग्रेस ने लेबनान को हराकर रचा इतिहास

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** भारत ने शुक्रवार को सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर खेले गए अपने अंतिम ग्रुप बी मुक. ाबले में लेबनान को 4-0 से हराकर एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप चीन 2026 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा। युवा टाइग्रेस के लिए प्रीतिका बर्मन ने दो गोल दागे,

जबकि अल्वा देवी सेनजाम और जोया ने भी गोल किए। इस जीत के साथ भारत ने 2005 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप में जीत दर्ज की और पहली बार गोल भी किए। इस शानदार जीत के बाद भारत टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की मजबूत स्थिति में है। अब फिलीपींस को चीनी ताइपे को 12 गोल से हराना होगा, जबकि चीनी ताइपेको 13 गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। करो या मरो वाले इस मुकाबले में भारत ने पिछले मैच की तुलना में केवल एक बदलाव किया, जिसमें पर्ल फर्नांडिस की जगह अनुश्का कुमारी को शामिल किया गया।

भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। दिव्यानी लिडा ने राइट-बैक पोजिशन से लंबा पास आगे बढ़ाया, जिसे प्रीतिका ने शानदार तरीके से नियंत्रित किया।

उन्होंने लेबनान की डिफेंडर जोया बू असाफ को छकाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर मैरी जो चेब्ली नहीं रोक सकीं। शुरुआती गोल के बाद भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ गया और टीम ने शानदार पासिग व आक्रामक प्रेसिग के जिरए मैच पर पकड़ बना ली। कुछ ही देर बाद भारत को दूसरा गोल करने का मौका मिला जब अनुश्का कुमारी बॉक्स के अंदर जगह बनाने में सफल रहीं।

# DC ने KKR को दिया 143 रन का टारगेट दिया

### 6 ओवर में KKR ने दो विकेट खोकर बनाए 43 रन

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 143 रन का टारगेट सेट किया है। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 17 रन बना लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन एलन क्रीज पर हैं। ओपनर पाथुम निसांका ने 29 बाल पर 50 रन की पारी खेली। जबकि आशुतोष शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया। केएल राहुल ने 23 रन बनाए। कोलकाता की ओर से अनुकूल राय और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कैमरन ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। कोलकाता की पारी के पहले ओवर से 6 रन आए। फिन एलन ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर स्ट्रेट में चौका लगाया। दिल्ली ने कुलदीप यादव को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे आशुतोष शर्मा की जगह मैदान पर आए। 20वें ओवर में दिल्ली के दो विकेट गिरे। कार्तिक त्यागी की बाल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आशुतोष शर्मा को कवर्स पर कैच किया। इसी ओवर में मिचेल स्टार्क रनआउट हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। 19वें ओवर की तीसरी बाल पर दिल्ली ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान अक्षर पटेल 22 बाल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने अनुकूल राय के हाथों कैच कराया। अनुकूल ने डीप मिडविकेट बाउंड्री पर रनिंग कैच पकड़ा। ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर अक्षर ने फ्लैट पुल शाट खेला। अनुकुल बाईं ओर तेजी से दौड़े और कमर की ऊंचाई पर शानदार कैच लपका। कैच लेते समय उनका पैर जमीन में फंस गया और वह गिर पड़े, लेकिन गेंद पर पकड़ नहीं छोड़ी। 17वें ओवर में आशुतोष शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। यहां 38 बाल के बाद बाउंड्री आई। आशुतोष ने अगली 2 बाल पर पर लगातार दो चौके लगाए। वरुण के इस ओवर से 16 रन आए। 16वें ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। अक्षर पटेल ने सुनील नरेन की आखिरी बाल पर सिंगल लिया। सुनील के इस ओवर से 2 रन आए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। 12वें ओवर में सुनील नरेन ने महज एक रन दिया। यह रन सिंगल के जरिए आया। नरेन ने 5 गेंद डाट कराई। वे 3 ओवर की गेंदबाजी में 15 रन ही दिए हैं। 11वें ओवर में अनुकूल राय ने पाथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स को पवेलियन भेजा। निसांका 50 और स्टब्स 2 रन पर आउट हुए। राय ने निसांका को विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी के हाथों स्टंप कराया।



नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज आशुतोष अपनी पारी के दौरान शॉट खेलते।

## खेल विशेष

### भारत का मैसूर करेगा लेटेप बाय टूर डी फ्रांस स्पर्धा की मेजबानी

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के कर्नाटक प्रांत का मैसूर शहर चार अक्टूबर को दुनिया भर में मशहूर लेटेप बाय टूर डी फ्रांस साइकि. लिंग स्पर्धा की मेजबानी करेगा। यह भारत में इस रेस का पहला संस्करण है। यह स्पर्धा, एनईबी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कर्नाटक टूरिज्म और टूर डी फ्रांस के ऑर्गनाइजर, अमौरी स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एएसओ) के साथ मिलकर इस रेस के भारत में कराये जाने की घोाणा की। इस घोाणा के साथ 20 से अधिक देशों में होने वाली अंतरराट्रीय लेटेप एमेच्योर साइकिलिंग सीरीज में भारत प्रवेश करने जा रहा है। एनईबी स्पोर्ट्स ने आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस स्पर्धा का आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की, और इस इनिशिएटिव को कर्नाटक में स्पोर्ट्स टूरिज्म और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स कल्चर के लिए एक बड़ा बूस्ट बताया। लेटेप मैसूर में अलग-अलग स्किल लेवल के साइकिलिस्ट के लिए चार रेस कैटेगरी होंगी।

### भारतीय टीम के स्पिन-बॉलिंग कोच बन सकते हैं सैराज

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले, जो अभी पंजाब किग्स से जुड़े हैं, के मौजूदा आईपीएल सीजन के बाद फ्रेंचाइजी से अलग होने की उम्मीद है। समझा जाता है कि उन्होंने हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सीनियर अधिकारियों सहित सभी संबंधित लोगों से बातचीत की है। बीसीसीआई के सूत्रों का कहना है कि बाहुतुले (53), जिन्होंने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले हैं, अपनी स्पिन-बॉलिंग कोचिग के हुनर के लिए काफी मशहूर हैं। माना जाता है कि इसी बात ने हेड कोच गौतम गंभीर का ध्यान खींचा है।

### नाहिद, जतिद व अजय 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** बंगलादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा, ओमान के कप्तान जतिदर सिह और संयुक्त अरब अमीरात के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अजय कुमार को अप्रैल के लिए आईसीसी पुरु प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए सूचीबद्ध किया गया हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट, श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑल-राउंडर लॉरा कार्डोसा महिला वर्ग के पुरस्कार की सूची में हैं। राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर तीन एकदिवसीय मैचों में प्लेयर ऑफ द सीरीज की कोशिश के बाद पुरु शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है, सिह ने नेपाल में आईसीसी पुरु क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में अपने प्रदर्शन से इस लाईन में है , जबकि कुमार ने उसी सीरीज में अपने वनडे करियर की शानदार शुरुआत के बाद इस दौड़ में शामिल है।

# टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान-गुजरात

**जयपुर, वार्ता।** टीनएज बैटिंग के कमाल के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाएंगे, जब शनिवार को सवाई मानसिह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में उनका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए जोरदार टक्कर दे रही हैं।

15 साल के इस सनसनीखेज खिलाड़ी ने इस सीजन की सबसे बड़ी कहानी लिख दी है, और राजस्थान रॉयल्स को इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बना दिया है। 10 पारियों में 404 रन और 237-65 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ, सूर्यवंशी ने अपनी कम उम्र के बावजूद आईपीएल 2026 के सबसे उभरते सितारों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बना ली है। शनिवार का यह मुकाबला टूर्नामेंट के एक बहुत ही अहम मोड़ पर हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स, दोनों ही 10 मैचों में 12-12 अंकों पर बराबरी पर हैं, हालांकि रॉयल्स का नेट रन रेट अभी बेहतर है। लीग के कुछ ही मैच बाकी होने की वजह से, एक और हार किसी भी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका दे सकती है। राजस्थान के लिए दबाव और भी ज्यादा है, क्योंकि इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ जोरदार तरीके से करने के बावजूद, राजस्थान ने हैरानी की बात है कि जयपुर में अपने दोनों मैच गंवा दिए हैं। अब टीम के सामने टॉप-2 में जगह न बना पाने का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि वे सवाई मानसिह स्टेडियम में अपनी पुरानी धाक वापस न जमा लें। इस जिम्मेदारी का ज्यादातर बोझ सूर्यवंशी के कंधों पर है, जिनकी निडर बैटिंग ने फैंस और एक्सपर्ट्स, दोनों को ही अपना दीवाना बना लिया है। इस सीजन की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 37 गेंदों में बनाए गए उनके शानदार 103 रन, इस टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारियों में से एक हैं।



टॉप ऑर्डर में उनकी आक्रामक शुरुआत की वजह से राजस्थान लगातार बड़े स्कोर बनाने या उनका पीछा करने में कामयाब रहा है। इस युवा खिलाड़ी को यशस्वी जायसवाल का भी जोरदार साथ मिला है, जिन्होंने इस सीजन में चुपचाप 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने, पूर्व कप्तान संजू सैमसन के टीम से जाने के बाद, बैटिंग में अपनी बढ़ी हुई भूमिका में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान रियान पराग भी पिछले मैच में 90 रनों की तूफानी पारी खेलकर अपनी पुरानी लय में लौट आए हैं, जिससे इस सीजन में उनके उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन को लेकर उठ रही चिताएं भी दूर हो गई हैं।

# फीफा विश्वकप के एंथम 'दाई दाई' की सोशल मीडिया पर धूम

**(ब्राजील), वार्ता।** कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिए पेश किये गये गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है।

पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफीका) का एंथम साउथ अफीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेट फीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026, साथ ही उन्होंने एफेबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया।

# पर्पल कैप टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंचे प्रिंस यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हराया। हालांकि इस मैच के बाद ऑरेंज कैप टेबल में कुछ ज्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पर्पल कैप की रेस जरूर दिलचस्प हो गई है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड प्रिंस यादव: यह नाम अब विराट को. हली शायद लंबे समय तक नहीं भूलेंगे। एलएसजी के इस तेज गें. दबाज ने आरसीबी के स्टार बल्लेबाज को दूसरी ही गेंद पर शानदार इनस्विग से बोल्ड कर दिया। मैच में यह प्रिंस का पहला विकेट था।

बाद में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए और इस सीजन अपने विकेटों की संख्या 16 तक पहुंचा दी। यह आंकड़ा गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के इशान मलिंगा के बराबर है। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस उनसे ऊपर हैं। प्रिंस की इकॉनमी 8.08 की है, जबकि रबाडा ने 9.23 और मलिंगा ने 9.44 रन प्रति ओवर दिए हैं। इन तीनों से ऊपर सिर्फ आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके नाम 17 विकेट हैं। भुवनेश्वर के पास टॉप पर अकेले पहुंचने का मौका था, लेकिन वह एलएसजी के खलिाफ विकेट नहीं ले सके। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर की तरह को. हली के पास भी रन स्कोरर्स की सूची में ऊपर जाने का मौका था, लेकिन वह इस मैच में खाता नहीं खोल सके।



# बीसीसीआई आईपीएल टीमों पर गाइडलाइंस के पालन की जांच करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह आईपीएल टीमों पर समय-समय पर जांच करेगा ताकि गुरुवार शाम को टीमों को जारी की गई नई गाइडलाइंस के पालन का पता चल सके। ये अचानक जांच बीसीसीआई/आईपीएल की ऑपरेशन टीमों द्वारा की जाएंगी।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने फ्रेंचाइजियों को भेजे अपने संदेश में कहा है कि बीसीसीआई/ आईपीएल ऑप रेशन टीम इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों के पालन का पता लगाने के लिए समय-समय पर जांच कर सकती है। टीम मैनेजरों को सभी मंजूर मेहमानों के आने-जाने और होटल में उनकी गतिविधियों का रिकॉर्ड रखना जरूरी है। ऊपर बताए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन होने पर, उसकी जानकारी जल्द से जल्द आईपीएल ऑपरेशन टीम या संबंधित आईपीएल वेन्यू टीम को खुद देनी होगी। बीसीसीआई को पूरा भरोसा है कि सभी आईपीएल फ्रेंचाइजियां इस एडवाइजरी को उतनी ही गंभीरता से लेंगी जितनी इसकी जरूरत है, और इंडियन प्रीमियर लीग की गरिमा और साख को बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगी। पालन न करने के नतीजे सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे। सैकिया ने लिखा कि बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल यह पूरी तरह से साफ कर देना चाहते हैं कि इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा। नियमों का पालन न करने पर, संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी और संबंधित व्यक्ति को आईपीएल नियमों, बीसीसीआई के नियमों और विनियमों, और अन्य लागू कानूनों के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि परिस्थितियों के अनुसार जरूरी होगा।

# चोट के चलते बाबर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि खबर आई है कि टीम के मुख्य बल्लेबाज बाबर आजम घुटने की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाला पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे।

बाबर गुरुवार को अपने बाएं घुटने का स्कैन करवाने के लिए ट्रेनिंग छोड़कर चले गए थे, और बाद में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसकी पुटि की। बोर्ड ने बताया कि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज का पहला मैच नहीं खेल पाएगा। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम बाएं घुटने में चोट के कारण बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीम का मेडिकल पैनल फिलहाल उनकी स्थिति का आकलन कर रहा है। आगे की जानकारी समय आने पर साझा की जाएगी। आईसीसी के अनुसार, बाबर ने हाल ही में हुई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के दौरान अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म हासिल कर ली थी, वह इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और कप्तान के तौर पर पेशावर जल्मी को खिताब भी दिलाया। अभी यह स्पट नहीं है कि बाबर इस सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेल पाएंगे या नहीं। यह दूसरा टेस्ट मैच सिलहट में खेला जाएगा और इसकी शुरुआत 16 मई को होनी है। पाकिस्तान फिलहाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ा दो टीमों की दौड़ में बने रहने के लिए उसे बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले इन मैचों में दो सकारात्मक परिणामों की तलाश होगी।



# हम जीत से बस दो ही शॉट पीछे रह गए: रजत पाटीदार

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गुरुवार को मिली हार आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) की चौथी हार थी। पिछले सीजन जब टीम ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, तब पूरे टूर्नामेंट में उन्हें सिर्फ चार ही हार मिली थी। क्या इसका मतलब इस बार टीम के प्रदर्शन में तीव्रता की कमी है? कप्तान रजत पाटीदार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है, हम इस सोच के साथ नहीं खेल रहे कि हमें खतिाब डिफेंड करना है।

उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन की तरह नहीं खेल रहे हैं। हमारे पास फिर से चैंपियन बनने का मौका है। हमें आक्रामक क्रिकेट खेलनी है। हम रक्षात्मक माइंडसेट के साथ नहीं खेल रहे। यह नया सीजन है। 2025 में जो हुआ, वह बीत चुका है। एलएसजी के खलिाफ मैच में लखनऊ का मौसम भी परेशानी बना, लेकिन 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी लंबे समय तक मुकाबले में बनी रही। हालांकि खराब पावरप्ले (जहां टीम ने 45 रन पर दो विकेट गंवाए) और मिडिल ओवर्स में 29 रन के अंदर तीन विकेट गिरने से टीम पिछड़ गई। पाटीदार ने कहा, मैं शुरुआत मिचेल मार्श से करूंगा। उन्होंने इस विकेट पर शानदार बल्लेबाजी की। यह बल्लेबाजों के लिए अच्छी पिच थी। पावरप्ले में जिस तरह उन्होंने शुरुआत की, उससे हम पर दबाव आया। उन्होंने आगे कहा कि उसके बाद हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह मैच कंट्रोल किया, वह शानदार था। बीच में बारिश की वजह से ब्रेक मिला और हमें सोचने का समय भी मिला। कुल मिलाकर जिस तरह उन्होंने शुरुआत की और हमने मैच खत्म किया, उससे मैं काफी संतुट हूं।



# सम्पादकीय


## सुवेन्दु की ताजपोशी

कोलकाता स्थित कन्वेंशन सेंटर में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी कि इसमें यह तय होना था कि पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री कौन होगा। बैठक के बाद अमित शाह ने ऐलान किया कि सुवेन्दु अधिकारी पश्चिमी बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। सुवेन्दु अधिकारी का जिस तरह भाजपा के साथ समर्पण रहा है, उससे साफ था कि वह ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री होंगे। एक बात यह भी उनके पक्ष में जाती है कि सुवेन्दु अधिकारी ने पहले 2021 में ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया और अब उन्होंने दूसरी बार भवानीपुर में ममता को भारी मतों से शिकस्त दी। निश्चित रूप से यह कोई कम उपलब्धि नहीं है कि कोई व्यक्ति 15 साल से जमे किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को दो बार हरा दे। ऐसे में यही माना जा रहा था कि सुवेन्दु अधिकारी के कद का कोई दूसरा नेता पश्चिम बंगाल में नहीं है और भाजपा भी नहीं चाहती थी कि कोई बाहरी नाम बंगाल पर थोंपा जाए। बैठक के बाद अपने संबोधन में अमित शाह ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी पार्टी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उस पर पूरी तरह अमल किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल की जनता को धन्यवाद भी दिया। शनिवार को सुवेन्दु अधिकारी कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस समारोह में 50 हजार लोग शिरकत करेंगे। अमित शाह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जहां भाजपा के विधायकों का औसत मार्जिन जीत 28 हजार रहा, वहीं 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व ही कही जाएगी। अब जबकि मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है ऐसे में अधिकारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो इस समय वहां हिंसा को रोकना होगी। जो बड़े पैमाने पर जारी है और खुद उनके पीए की भी हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा भी है कि किसी भी लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। होनी भी नहीं चाहिए, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि भारी संख्या में सुरक्षाबल राज्य में तैनात होने के बावजूद व्यापक स्तर पर हिंसा का तांडव देखने में आया है।

## अफसोसनाक है राजनीति में बदले की भावना



शिबली रामपुरी




करीब पांच साल की बात रही होगी एक जगह पर सभासद का चुनाव हुआ जाहिर सी बात है कि उसमें एक ही को जीतना था और एक उम्मीदवार जीत गया और बाकी वहां पर आधा दर्जन से ज्यादा लोग खड़े थे उनको पराजय मिलनी थी तो वो हार गए। जिसकी चुनाव में जीत हुई थी उसने खुशी मनाई उसके समर्थकों ने ढोल वगैरा बजा मिठाई बांटी और बाकी को निराशा हुई। यह सब नॉर्मल बात है इसमें कोई बुराई नहीं क्योंकि जो जीतता है वह खुशी मनाता है और जो हारते हैं उनको गम होता है लेकिन इन्हीं लोगों में से कुछ ऐसे लोग भी थे कि जिन्होंने चुनाव में हारने के बाद लोगों को कसूरवार ठहराना शुरू कर दिया कि हमने इलेक्शन में उसको चाय पिलाई थी उसको मिठाई खिलाई थी लेकिन उसने हमें वोट नहीं दिया कुछ ने अपने रिश्तेदारों को ही जिम्मेदार ठहरा दिया कि उन्होंने मुझे हराया है। किसी के चुनाव हारने पर उसके भाइयों ने कुछ लोगों को सामने ना आकर आपस में बैठकर बुरा भला कहा कि उन्होंने वोट नहीं दिया तो इसलिए हमारे भाई की हार हुई है।

बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अफसोस होता है। यह चलन है पॉलिटिक्स में बदला लिए जाने की राजनीति का। पहले के दौर में ऐसा होता था कि जो कामयाब होता था वह हारने वाले को गले लगाता था और उसके घर जाकर भी अपनी कामयाबी की बधाई देता था और कहता था कि भले ही आप हार गए हैं लेकिन आपके अनुभव का हमें सम्मान है और हम आपके जज्बे और अनुभव को अहमियत देते हुए जनता का विकास करेंगे। लेकिन अब ऐसा नहीं देखने को मिल रहा है अब तो अधिकतर जगह यह होता है कि जो कामयाब होता है वह हारने वाले को बहुत ही हीनभावना से देखता है और उसका अपमान करने में भी वह पीछे नहीं रहता और मौका मिलते ही वह अपमान भी करता है और इसमें चुनावी मैदान में उतरने वाले लोग आपस में भले ही एक दूसरे से ना उलझे लेकिन उनके साथ काम करने वाले और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे से उलझना शुरू कर देते हैं। राजनीति में सफलता और असफलता मिलना कोई नई बात नहीं है। यह हमेशा से होता आया है, क्योंकि एक को सफलता मिलती है तो बाकी को असफलता मिलना स्वाभाविक है। लेकिन अब राजनीति में बदले की भावना जिस तरह बढ़ रही है, वह किसी भी तरह से सही नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और राजनीतिक पार्टियों तथा उनके बड़े नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए। कई जगहों से ऐसी खबरें सामने आती हैं कि जब एक राजनीतिक पार्टी सत्ता से जाती है और दूसरी सत्ता में आती है, तो वरिष्ठ नेताओं में तो ऐसा कम देखने को मिलता है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झड़प और लड़ाई-झगड़े तक हो जाते हैं। कई बार बदले की यह भावना इतनी बढ़ जाती है कि इसके गंभीर नुकसान सामने आते हैं। पहले ऐसा नहीं होता था। जब एक पार्टी जाती थी और दूसरी आती थी तब इस तरह की बदले की राजनीति देखने को नहीं मिलती थी कि हारने वालों के साथ दुर्व्यवहार किया जाए या उनके कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाए। लेकिन मौजूदा दौर में यह सब देखने को मिल रहा है, जो पूरी तरह से चिंताजनक है। अगर यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती रही, तो इसके भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इसलिए इस तरह की राजनीति पर रोक लगनी चाहिए। तभी समाज के योग्य और बेहतर लोग राजनीति में आने की को. शिश करेंगे और माता-पिता भी चाहेंगे कि उनकी संतान एक अच्छा नेता बने।

**बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अपफसोस होता है।**

## श्रीमुख से...

### एनसीआरबी ने खोली मोदी सरकार की पोल



महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है, 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इस अवधि में साइबर अपराधों में 1,689 प्रतिशत का भारी इजाफा हुआ है। उनका यह भी कहना था कि 2024 में 10,546 किसानों, 52,931 दिहाड़ी मजदूरों और 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है, मोदी सरकार कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन वास्तविक आंकड़े इन दावों की पोल खोलते हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे
अध्यक्ष, कांग्रेस

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## अब विपक्ष को गंभीर चिंतन की जरूरत



रजनीश कपूर

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल के विधानसभा चुनाव परिणामों पर हर टीवी चौनल पर चुनावी पंडित और राजनैतिक वुशेषज्ञ गहन टिप्पणी कर रहे हैं। कुल मिलाकर इन विशेषज्ञों ने इन नतीजों को महज साधारण चुनावी उलटफेर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में चित्रित किया। चुनाव विश्लेषकएक ओर इसे बंगाल की विजय मानते हैं और दूसरी ओर विपक्षी दलों के लिए गंभीर आत्मचिंतन का क्षण मानते हैं। नतीजों से यह बात तो स्पष्ट है कि परिणाम केवल मतदाता रुझान नहीं, बल्कि प्रक्रियागत सवालों और विपक्ष की रणनीतिक कमजोरियों का मिश्रण हैं। लेकिन विपक्ष के लिए सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि भविष्य के चुनावों के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा और बेहतर रणनीति बनानी पड़ेगी। पश्चिम बंगाल की बात करें तो बीजेपी के वोट शेयर में मात्र 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ काफी मात्रा में सीटें जीती। लेकिन तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि राज्यव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण SIR प्रक्रिया में लगभग 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए, जिनमें अधिकांश मुस्लिम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पारंपरिक वोटर थे। यदि ए 4.3 प्रतिशत मतदाता वोट डाल पाते तो शायद नतीजा अलग होता। कुछ चुनवी विश्लेषक इसे क्यूरेटेड चुनाव कहते हैं। यानी परिणाम पहले से तय करने वाली प्रक्रिया। इसी तरह असम में भी बीजेपी की बड़ी जीत को चुनावी विश्लेषक सीमा-समस्या, ध्रुवीकरण और मतदाता सूची संशोधन से जोड़ कर देख रहे हैं। यदि तमिलनाडु की बात करें तो टीवीके की सफलता को सकारात्मक विकास माना जाए। डीएमके की सत्ता-विरोधी लहर और स्टालिन की अपनी सीट हारने जैसी घटना ने साबित किया कि पुरानी पार्टियां जनता से दूर हो चुकी हैं।

टीवीके की जीत नए चेहरे, युवा अपील और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक है। वहीं केरल में कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत ने विपक्षी खेमे को कुछ राहत दी, लेकिन कुछ जानकर ऐसा मानते हैं कि क्या यह राष्ट्रीय स्तर पर बीज. पी के टेम्प्लेट का हिस्सा बन सकता है, जहां मतदाता सूची प्रबंधन, ध्रुवीकरण और संगठनात्मक ताकत एक साथ काम करती हो? गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और मतदाता सूची से नाम कटने के आरोप निश्चित रूप से जांच के योग्य हैं। चुनाव आयोग को इन सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन केवल प्रक्रियागत दोषों पर जोर देकर विपक्ष अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। बंगाल में टीएमसी की 15 साल की सत्ता में भ्रष्टाचार, हिंसा और विकास की अनदेखी ने जनता को बीजेपी की ओर धकेला। तमिलनाडु में डीएमके का परिवारवाद और प्रदर्शन की कमी ने टीवीके जैसे नए विकल्प को रास्ता दिया। असम और केरल के नतीजे भी साबित करते हैं कि स्थानीय मुद्दे, विकास और नेतृत्व की विश्वसनीयता निर्णायक हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए यह आत्मचिंतन का क्षण है, लेकिन विपक्ष को इसे केवल शिकायत में नहीं बदलना चाहिए। विपक्षी दलोंऔर इंडिया गठबंधन को भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से काम करना होगा। पहलारू आंतरिक सुधार- पुरानी पार्टियां परिवारवाद, सत्ता-केंद्रित संस्कृति और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं। टीएमसी और डीएमके को युवा, नए चेहरों और स्थानीय मुद्दों पर आधारित नेतृत्व विकसित करना चाहिए, जैसा टीवीके ने किया। कांग्रेस को अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा, न कि केवल गठबंधनों पर निर्भर रहना। विपक्ष को सिर्फ बीजेपी-विरोध की राजनीति छोड़कर सकारात्मक एजेंडे पर काम करना चाहिए, जैसे कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण और क्षेत्रीय अस्मिता। विपक्ष को विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को राष्ट्रीय आंदोलन बनाना चाहिए। पारदर्शी मतदाता सूची, वीवीपीएटी की पूरी जांच, डिजिटल निगरानी और चुनाव आयोग की स्वायत्तता के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाए। लेकिन यह लड़ाई केवल अदालतों तक सीमित न रहे, जमीनी स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए विशेष ड्राइव चलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई क्यूरेटेड नतीजा न निकले। तीसरा, गठबंधन और रणनीतिक एकता - इंडिया गठबंधन को बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में सीट बंटवारे की बजाय विचारधारा आधारित साझेदारी पर जोर देना चाहिए। जहां टीवीके जैसी नई पार्टियां उभर रही हैं, वहां उन्हें सहयोगी बनाएं, न कि प्रतिद्वंद्वी। डिजिटल कैंपेनिंग, डेटा एनालिटिक्स और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके युवा वोटरों को जोड़ा जाए। विजय जैसे सेलिब्रिटी नेताओं की सफलता से सीखें, भावनात्मक जुड़ाव, साफ-सुथरी छवि और विकास-केंद्रित संदेश देना। चौथा, क्षेत्रीय मुद्दों पर फोकस- राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी की हिंदुत्व और विकास की दोहरी रणनीति का मुकाबला स्थानीय एजेंडे से करें।

**बंगाल में टीएमसी को हिंसा-मुक्त प्रशासन और औद्योगिक विकास का वादा करना चाहिए। तमिलनाडु में डीएमके को डीएमके-विरोधी लहर को 'क्षेत्रीय गौरव' में बदलना होगा। विपक्ष को महिला, युवा और किसान योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर देना चाहिए।**

## एक नाम, जिसमें पूरा जीवन सिमट जाता है वह है मां





कृति आरके जैन

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है, और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है। इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देनाकृए सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में माता वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवे. दनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है। इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं कृ वह हर उपमा से परे है। जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करनाकृयही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है। जब भावनाएं बाजार की चमक में सिमटती हैं, तब मातृ-दिवस का अर्थ धुंधला पड़ जाता है। समय के साथ यह अवसर उपहारों, कार्डों और औपचारिकताओं तक सीमित हो गया है, जबकि इसकी आत्मा कहीं गहरी है। मातृ-दिवस की पहल करने वाली अन्ना जार्विस ने इसके व्यावसाईकरण पर खेद जताया था। उनका मानना था कि मां के प्रति सच्चा सम्मान एक दिन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार में झलकता है। मां के साथ बिताए गए सच्चे पल, उसकी बातों को ध्यान से सुनना और उसकी भावनाओं को समझना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मां के प्रति कृतज्ञता कोई क्षणिक भावना नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला भाव है।

जहां से भविष्य की दिशा तय होती है, वहां मां की छाप सबसे गहरी होती है। वह सिर्फ परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की असली नींव है। एक शिक्षित और जागरूक मां अपने बच्चों के साथ समाज को भी सही राह दिखाती है। खेतों से शहरों तक, अनगिनत माताएं बिना वेतन और बिना विश्राम निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगी हैं। उनका परिश्रम भले मौन हो, पर उसका प्रभाव असीम है। जब मां अपनी बेटी को शिक्षित करती है, तो वह एक नहीं, कई पीढ़ियों को सशक्त बना देती है। इसलिए मां की भूमिका इतनी विशाल है कि उसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना संभव नहीं। जब कृतज्ञता शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प बन जाती है, तभी मातृ-दिवस का अर्थ पूर्ण होता है। 10 मई 2026 हमें केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पहचानने का अवसर देता है। मां के लिए एक स्नेहभरा फोन, उसके साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय या एक सच्ची मुस्कान कृए छोटे कदम उसके जीवन में गहरी खुशी भर देते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसके चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े और उसकी आंखों में आंसू न आएं। क्योंकि मां की प्रसन्नता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और उसकी संतुष्टि से बड़ा कोई पुरस्कार नहीं। जब हर रिश्ता समय के साथ बदलता है, तब भी एक सत्य अडिग रहता है मां। उसका प्रेम वह सूक्ष्म धागा है, जो टूटे सपनों को फिर से जोड़ देता है और बिखरे जीवन को संवार देता है। 10 मई 2026 का यह मातृ-दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उसी के अंश हैं, उसके त्याग और स्नेह का विस्तार हैं।



ठाणे। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) की कक्षा 10 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र व छात्राएं।

## दक्षिण कोरिया में पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को बौद्ध दीक्षा दी गई

**सोल।** दक्षिण कोरिया में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से पहले बौद्ध दीक्षा देकर पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को आधिकारिक रूप से आध्यात्मिक सेवा में शामिल किया है। देश की राजधानी सोल स्थित जोग्येसा मंदिर के ह्युंगजेयोन हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान बुधवार को 130 सेंटीमीटर ऊंचे इस रोबोट ने पारंपरिक बौद्ध वस्त्र धारण कर भिक्षुओं के साथ प्रार्थना में भाग लिया। चीनी कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा विकसित इस ह्यूमनॉइड रोबोट 'जी1' को जोग्ये ऑर्डर ऑफ कोरियन बुद्धिज्म द्वारा आयोजित दीक्षा समारोह में 'गाबी' नाम दिया गया। 'सुग्ये' नामक इस अनुष्ठान में रोबोट ने बुद्ध की शिक्षाओं और मठवासी समुदाय के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला मामला है जब किसी ह्यूमनॉइड रोबोट को बौद्ध दीक्षा दी गई है।

# भारत के सामने कमजोर साबित हुआ पाक रक्षा नेटवर्क

### अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में बड़ा दावाः पाक के एयरफील्ड हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा

**काबुल।** भारत का ऑपरेशन सिंदूर इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण था कि पाकिस्तान की रक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं निकली जितना दावा किया जाता था। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, जब पाकिस्तान के रक्षा प्रणालियों को रियल-टाइम टारगेटिंग, एकीकृत वायु रक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध के विरुद्ध परखा गया तो वे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में कहा गया कि आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम से यह उम्मीद नहीं होती कि वह हर हमला रोक दे, लेकिन उससे कम से कम अहम सैन्य ठिकानों को बार-बार और एक साथ होने वाले हमलों से बचाने की उम्मीद जरूर की जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ऐसा करने में नाकाम रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के एयरफील्ड, हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का एचक्यू-9 लंबी

**■ पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया**



दूरी वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया। इसे चीन के एक हाई-एंड सिस्टम के तौर पर पेश किया गया था, जो पश्चिमी और रूसी सिस्टम को टक्कर देने वाला माना जाता था। माना जा रहा था कि यह भारतीय एयर आपरेशंस को मुश्किल बना देगा और रणनीतिक एयर बेस की रक्षा करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान और चीन ने मिलकर विकसित किया जेएफ-17 मल्टीरोल फाइटर विमान भी कमजोर साबित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि यह भारतीय हमलों को संवेदनशील सैन्य ठिकानों तक पहुंचने से नहीं रोक पाया। साथ ही शुरुआती हवाई लड़ाई के बाद भारतीय एयरबेस को किसी बड़े नुकसान का कोई साफ सबूत भी सामने नहीं आया। रिपोर्ट में कहा गया, जिस विमान को पाकिस्तान की सस्ती और मजबूत एयर पावर की रीढ़ बताया जाता था, उसके लिए यह प्रदर्शन भरोसा बढ़ाने वाला नहीं था। जे-10सी लड़ाकू विमान और पीएल-15 लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइल के बारे में भी रिपोर्ट में कहा गया कि इनके किसी बड़े सामरिक सफलता के पक्के सबूत नहीं मिले। पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि जे-10सी की कथित रणनीतिक सफलता अब तक बड़े निर्यात में नहीं बदली है। पेंटागन की 2025 की चीन सैन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान अभी तक जे-10सी का इकलौता विदेशी ग्राहक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान लंबे समय से चीनी सैन्य उपकरणों के परीक्षण के लिए एक भरोसेमंद प्रयोगशाला की तरह काम करता रहा है, और उनकी कमियों का असर भी उसे ही झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान के सैन्य उपकरणों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार भरोसे की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ कुछ सिस्टम को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि पाकिस्तान के इस दावे को भी कमजोर कर दिया कि उसकी रक्षा व्यवस्था पूरी तरह भरोसेमंद और युद्ध के लिए तैयार है।

# अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी

### वॉशिंगटन ने कहाः ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर फिर बमबारी की। अमेरिका ने कहा कि ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा।

वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज स्ट्रेट और चाबहार पोर्ट के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ईरान के मिसाइल भंडार खत्म हो चुके हैं। अराघची ने कहा कि अमेरिकी सीआईए की इंटेलिजेंस गलत है। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल रिजर्व 120 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है। अराघची ने एक्स पर लिखा कि हर बार जब कूटनीतिक समाधान सामने आता है, अमेरिका सैन्य रास्ता चुनता है। ईरानी कभी दबाव में नहीं झुकेंगे। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान 30 दिन तक लड़ाई रोकने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान स्थाई डील पर बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी जंगी जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और हईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया। संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी आईएमओ के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है। इजरायल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया। अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी आयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग तेल कारोबार के जरिए ईरान और उसके समर्थित समूहों की मदद कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा-अमेरिका के तीन बड़े युद्धपोत सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर गए, जबकि उन पर हमला किया गया था। ट्रम्प के मुताबिक, इन जहाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन जवाबी कार्रवाई में ईरान के हमलावर पूरी तरह तबाह हो गए। कई छोटी नावें भी समुद्र में डुबो दी गईं, जिनका इस्तेमाल ईरान अपनी कमजोर पड़ चुकी नौसेना की जगह कर रहा था। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, लेकिन अमेरिकी सेना ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।



**■ ईरान का मिसाइल रिजर्व 1 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार हैः अराघची**

## ट्रम्प ने तुलना में ईरान युद्ध को बहुत छोटा बताया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक चार्ट साझा करते हुए दावा किया है कि ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष, द्वितीय विश्व युद्ध और वियतनाम युद्ध जैसे ऐतिहासिक युद्धों की तुलना में काफी छोटा रहा है। ट्रम्प द्वारा 'ट्रूथ सोशल' पर साझा किए गए ग्राफिक में इस संघर्ष को ईरान अभियान (ईरान एक्सकर्शन) का नाम दिया गया है और इसके छह सप्ताह से जारी होने का दावा किया गया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार ईरान के साथ यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त मिसाइल हमलों के बाद शुरू हुआ था, जिसे अब नौ सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस संघर्ष को 'अविश्वसनीय रूप से सफल' बताते हुए कहा है कि यह बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ईरान शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है, तो वे और भी बड़े स्तर के हमले के आदेश दे सकते हैं। ट्रम्प के इस चार्ट में अफगानिस्तान युद्ध (543 सप्ताह), इराक युद्ध (457 सप्ताह) और वियतनाम युद्ध (439 सप्ताह) की तुलना में ईरान संघर्ष की कम अवधि पर गर्व जताया गया है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी में विस्फोट तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक सुदूर हलमहेरा द्वीप पर स्थित माउंट दुकोनो में शुक्रवार सुबह अचानक हुए विस्फोट से तीन पर्वतारोही मौत हो गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा तब हुआ, जब ज्वालामुखी से अचानक राख की मोटी परत और ज्वालामुखीय मलबा निकलने लगा। इससे क्रेटर के पास मौजूद पर्वतारोहियों का एक समूह फंस गया। अन्य जीवित बचे लोगों से मिली सूचना के बाद तड़के बचाव दल मौके पर पहुंचा। जहां ट्रैकिंग समूह के कई सदस्य भारी राख के कारण लगी मामूली चोटों और सांस संबंधी समस्याओं के साथ सुरक्षित निकलने में सफल रहे, वहीं तीन लोगों की मौत ज्वालामुखीय चट्टानों की चपेट में आने से हुई। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि जब विस्फोट हुआ, तब ये पर्वतारोही शिखर के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में थे। माउंट दुकोनो के अलावा माउंट इबू में भी बड़ा विस्फोट हुआ है। उत्तरी मालुकु में स्थित इस ज्वालामुखी में स्थानीय समय के अनुसार आज दोपहर लगभग 1:41 बजे धमाका हुआ।

## होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका-ईरान युद्धविराम बरकरारः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि गुरुवार देर रात अमेरिका और ईरान दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद भी युद्धविराम बरकरार है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि पहले गोली किसने चलाई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान के शीर्ष सैन्य कमान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर आ रहे एक ईरानी तेल टैंकर और एक अन्य पोत को निशाना बनाया और कई तटीय क्षेत्रों पर 'हवाई हमले' किए।

इस बीच अमेरिका ने कहा कि उसने जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों पर ईरानी हमलों का जवाब 'आत्मरक्षा' के तौर पर दिया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने 'आज हमसे खिलवाड़ किया'। ईरानी सरकारी मीडिया ने शुरू में होर्मुज जलडमरूमध्य में 'विस्फोटों' की सूचना दी, जिसे 'शत्रुता' के साथ 'गोलीबारी' बताया गया। इस बीच, स्थानीय मीडिया ने तेहरान में विस्फोटों की आवाजें सुनने की सूचना दी। इसके कुछ ही समय बाद, ईरान के शीर्ष सैन्य कमान के एक बयान में कहा गया कि अमेरिकी 'हवाई हमलों' ने बंदर खमीर, सिरिक और केशम द्वीप के तटों को निशाना बनाया। ईरान ने कहा कि उसने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की, जिससे 'काफी नुकसान' हुआ, और अमेरिका पर 'युद्धविराम का उल्लंघन' करने का आरोप लगाया। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान के हमलों को 'बिना किसी उकसावे के' बताया और कहा कि जब अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक स्ट्रेट से गुजर रहे थे, तब ईरानी सेना ने कई मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं से हमले किए। सेंटकॉम ने कहा कि उसने आने वाले खतरों को खत्म कर दिया है और अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए जिम्मेदार ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

**■ ईरान ने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की जिससे 'काफी नुकसान' हुआ**

## युद्धविराम के बीच इजरायल की कार्रवाई तेज

### लेबनान के गांव को खाली करने का दिया आदेश

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के अल-अब्बासियाह गांव में इजरायली सेना ने जबरन विस्थापन का आदेश जारी किया है। यह गांव टायर शहर के पूर्व में स्थित है। इजरायली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर गांव के निवासियों से तुरंत अपने घर खाली करने को कहा।

पोस्ट में कहा गया कि अल-अब्बासियाह के लोग बिना देरी किए गांव छोड़ दें और कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों की ओर चले जाएं। लेबनान में फिलहाल युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दक्षिणी लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाई और हवाई हमलों के चलते कई इलाकों से लोगों का पलायन जारी है। वहीं, हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच रुक-रुक कर संघर्ष भी जारी है। लेबनान में भारतीय दूतावास ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे पांच भारतीयों को निकाला और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। इस मिशन के लिए दूतावास ने लेबनान की सरकार का आभार जताया है। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा, पांचों भारतीयों की सुगम वापसी में सहयोग व समर्थन के लिए लेबनानी अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने दक्षिण लेबनान के नबातियेह जिले में हवाई हमले किए हैं।



**■ दक्षिण लेबनान पर इजरायली हवाई हमले, 11 लोगों की मौत**

## हंतावायरस वाले जहाज पर 2 भारतीय, अब तक 3 की मौत

**प्राया।** अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप डट होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। बीबीसी के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डाक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है। डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

**■ डाक्टर बोलेः यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता, संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई**

## जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लाडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरा लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 'यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। मैं इसे हर दिन बर्लिन की सड़कों पर देखता हूं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है। उन्होंने कहा कि अकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## प्रवासन पर भारत का दृष्टिकोण समग्र और व्यावहारिक


**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में कहा कि वह प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी समस्याओं से भी निपट रहा है।

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने न्यूयार्क में ग्लोबल काम्पैक्ट फार माइग्रेशन (जीसीएम) के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) की पूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा प्रवासन असल में लोगों, उनकी आकांक्षाओं, उनकी मेहनत और समाज में उनके योगदान के बारे में है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए हो। साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा की कमियों जैसी चुनौतियों का भी समाधान करे। सिंह ने बताया कि भारत प्रवासन को एक 'समग्र और व्यावहारिक' ढांचे (फ्रेमवर्क) के जरिये प्रबंधित करता है, जिसमें प्रवासियों की सुरक्षा, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सक्रिय प्रवासी समुदायों में से एक का घर है, जिसमें 3.4 करोड़ से अधिक लोग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत वैश्विक धन प्रेषण (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला प्रमुख देश है, यह देखता है कि प्रवासन जीवन, समुदायों और राष्ट्रों को कैसे बदल सकता है।

**■ प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश जारीः विदेश राज्य मंत्री**

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)